50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

न्यूनतम 08 °c | अधिकतम 25 °c

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:51, सूर्यास्त : 5:20 | वर्ष : 50/ अंक : 324 | शुक्रवार, 25 नवम्बर 2022 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

**आज की अमृतवाणी**

नकारात्मकता एक विष की तरह है, धीरे-धीरे आपके व्यक्तित्व को खत्म कर देती है.. इसलिए हर परिस्थिति में सकारात्मक रहने का प्रयास करें।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

गुजरात में लोग माँग रहे हैं 27 साल का हिसाब : मल्लिकार्जुन खड़गे।



कौन हैं ये लोग.... कहाँ से आते हैं ये लोग?......

# जनता का मेला बना लूट का खेला

## ▶ नुमाइश मैदान में चल रहे मेले में हो रही खरीदारों से जमकर लुटाई
## ▶ पूरी सड़क पर दुकानों और पार्किंग के नाम पर अवैध कब्जे से जाम

**मुजफ्फरनगर, 24 नवंबर (बु.)।** नुमाइश मैदान में चल रहा करोड़ों का खेला उर्फ दीवाली बाद दिवाली मेला आम आदमी के लिए मुसीबत का कारण बन गया है। इस मेले में जहां आम आदमी खुले हाथों लुट रहा है, वहीं इस पूरी व्यवस्था को लेकर प्रशासन की भी कोई जिम्मेदारी नजर नहीं आ रही है। इसके चलते मैदान का ठेका लेकर ठेकेदारों ने मैदान के बाहर भी पूरी सड़क पर कब्जा कर लिया है। दूर तक दुकानों के साथ पार्किंग के नाम पर अवैध कब्जा किए जाने के कारण वहां महाजाम की स्थिति पैदा हो रही है।

नुमाइश तो इस बार नहीं लग रही है, लेकिन पुराने खिलाड़ियों ने प्रशासन के साथ मिल कर इस बार दिवाली मेले के नाम बड़ा खेला किया है। दिवाली को लोग भूल चुके हैं, लेकिन एक महीने बाद दिवाली मेले के नाम पर हो रहे इस मेले का उद्देश्य क्या है यह समझ में नहीं आ पा रहा है। प्रशासन की झोली तो इस मेले के ठेके ने करीब डेढ़ करोड़ रुपये से भर दी है। करीब एक करोड़ तीस लाख में इस मेले का ठेका छूटा और इसके अलावा दूसरे खर्च मिलाकर ठेकेदार को यह मेला करीब डेढ़ करोड़ रुपये में पड़ रहा है। यानि पंद्रह दिन के इस मेले में ठेके का पैसा पूरा करने के लिए ही ठेकेदार को प्रतिदिन दस लाख रुपये चाहिएं। ऐसे में यहां जो दुकानें, खेल तमाशे, झूले और स्टाल आदि लगवाए गए हैं, उनसे ठेकेदार ने खासी रकम वसूली है। इसके बाद अब दुकानदार यहां पूरी मनमानी पर उतरे हुए हैं। तमाम चीजों के दामों पर मोटा मुनाफा वसूला जा रहा है। इसमें वहां जाने वाले लोगों की जमकर लुटाई हो रही है। गलती से जो लोग बच्चों को लेकर वहां पहुंच रहे हैं उन्हें बच्चों की जिद के आगे जानते बूझते लुटना पड़ रहा है। यहां झूले पर सौ रुपये का टिकट है। इसके अलावा सामान पर तो कितना मुनाफा लिया जा रहा है, इसका कोई अंदाजा नहीं है। दुकानदारों का कहना है कि उन्होंने ठेकेदार को मोटा पैसा दिया है, ऐसे में इसे पूरा करने के लिए वे क्या करें? जाहिर है कि उन्हें खुले आम लूट की छूट मिली हुई है। इसका खामियाजा वहां जाने वाले आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



मेरठ रोड पर नुमाइश मैदान में चल रहे मेले के कारण रोज लग रहे जाम से आम आदमी हलकान

## ठेका नुमाइश मैदान का, कब्जा मीनाक्षी चौक तक

**मुजफ्फरनगर, 24 नवंबर (बु.)।** मेले के नाम जहां लुटाई हो रही है, वहीं हालत यह है कि ठेका नुमाइश मैदान का है, लेकिन मीनाक्षी चौक से लेकर नुमाइश कैंप तक की सड़क पर ठेकेदार का कब्जा है। यहां सड़क के दोनों ओर दूर तक पार्किंग के नाम ठेका छोड़ दिया गया है। इसके अलावा पूरी सड़क पर हलुवा परांठे समेत कई दुकानें अलग लगवा दी गई हैं। नुमाइश मैदान के मेले के नाम पर लग रहा है कि मीनाक्षी चौक से लेकर नुमाइश कैंप तक ठेकेदार का कब्जा है। इस सड़क पर दोनों ओर काफी दूर तक पार्किंग के नाम पर सड़क घेर ली गई है। इसके अलावा सड़क पर दुकानों के जरिए पूरा एरिया घेर लिया गया है। इसका नतीजा यह है कि पूरी सड़क पर दोनों ओर कब्जे के चलते सड़क पर महाजाम जैसे हालात बने रहते हैं। ऐसा लगता है कि पुलिस और प्रशासन ने भी इस पूरी व्यवस्था को ठेकेदार भरोसे छोड़ दिया है। ऐसे में वहां मेले की सुरक्षा और यातायात प्रबंधन की भी समुचित व्यवस्था नहीं दिखाई दे रही।

## चलो कम से कम सड़क तो बन गई

**मुजफ्फरनगर, 24 नवंबर (बु.)।** मेले का एक फायदा यह तो हुआ है कि आनन फानन में महीनों से टूटी पड़ी सड़क को रोडी डालकर दुरुस्त करा दिया गया है। एक साल से टूटी मेरठ रोड की जो सड़क अग्निवीर भर्ती के दौरान भी नहीं बन पाई थी, वह मेला शुरू होने के बाद काफी हद तक बना दी गई है। हालांकि बताया जा रहा है कि अभी इसके ऊपर एक कोट और होगा, लेकिन फिलहाल उसे धूल मिट्टी से मुक्त कर दिया गया है।

## मदन भैया के समर्थन में सभा करेंगे जयंत चौधरी, चंद्रशेखर और कमाल अख्तर

**मुजफ्फरनगर, 24 नवंबर (बु.)।** खतौली विधानसभा चुनाव में रालोद-सपा गठबंधन प्रत्याशी मदन भैया के समर्थन में जहां जयंत चौधरी पिछले दिनों सभाएं कर चुके हैं और फिर से दूसरे दौर की सभाओं के लिए तैयारी में हैं, वहीं उनके समर्थन में रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी के साथ आजाद समाज पार्टी के नेता चंद्रशेखर आजाद और पूर्व मंत्री कमाल अख्तर भी प्रचार के लिए उतरने वाले हैं। रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक ने यह जानकारी देते हुए बताया कि रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के साथ आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद और पूर्व मंत्री कमाल अख्तर शनिवार 26 नवंबर को मंडी स्थल पर पूर्वाह्न 11 बजे एक सभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी के तमाम नेता इस चुनाव के लिए पूरी तरह जुटे हैं और खतौली क्षेत्र के तमाम इलाकों में भ्रमण कर प्रचार कार्य में जुटे हैं। उन्होंने दावा किया कि इस बार खतौली में समीकरण काफी बदले हुए हैं और इसके चलते इस बार रालोद प्रत्याशी की जीत तय है। उन्होंने बताया कि जल्द ही कुछ और बड़े नेता चुनाव प्रचार के लिए आएंगे। इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं।

## राजधानी के भगीरथ पैलेस बाजार में भीषण आग

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के भगीरथ पैलेस बाजार में भीषण आग लग गई। मौके पर दमकल की 17 गाड़ियां आग बुझाने में जुट गई। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना के बाद से मौके पर अफरा-तफरी मची हुई है। चारों तरफ धुआं ही धुआं देखने को मिल रहा है। बता दें कि यह दिल्ली का सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक मार्केट है ।

## टिकट ना मिलने पर आप नेता संदीप भारद्वाज ने की खुदकुशी

**नई दिल्ली, 24 नवंबर (वार्ता)।** दिल्ली के कीर्ति नगर इलाके में आम आदमी पार्टी के नेता संदीप भारद्वाज ने गुरुवार को खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा था कि संदीप को नगर निगम चुनाव में पार्टी की तरफ से टिकट मिलने वाला था लेकिन ऐसा नहीं हुआ और तब से ही वो परेशान चल रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



संदीप की मृत्यु पर दिल्ली के मुख्यमंत्री ने दुख जताते हुए कहा, दिल्ली में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता संदीप भारद्वाज की आकस्मिक मृत्यु बेहद दुखद। पूरी पार्टी इस मुश्किल वक्त में संदीप के परिजनों के साथ खड़ी है।

## लोनी में मदन भैया का आतंक देखकर नहीं मिलेगा एक भी वोट

▶ लोनी के भाजपा विधायक नंद किशोर ने खतौली के मतदाताओं को दिया लोनी भ्रमण का न्यौता, कहा-रालोद प्रत्याशी पर मर्डर, लूट और बूथ कैप्चरिंग जैसे मुकदमे

**मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बु.)।** खतौली उपचुनाव में रालोद उम्मीदवार मदन भैया के धुर-विरोधी लोनी के भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर भी कूद गए। अपने समर्थकों के साथ आये गुर्जर ने मदन भैया पर गंभीर आरोप लगाते हुए खतौली की जनता को लोनी आने का न्यौता दिया। लोनी में उनके जुर्म की कहानियां सुनकर जनता मदन भैया के पक्ष में एक भी वोट नहीं करेगी।

खतौली उपचुनाव में रालोद के साथ भाजपा ने पूरी ताकत -ौंक रखी है। मंत्रियों के साथ जनप्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में भाजपा उम्मीदवार राजकुमारी सैनी के पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हुए हैं। लोनी में मदन भैया को लगातार दो बार हराकर विधायक निर्वाचित हो रहे भाजपा नेता नंद किशोर गुर्जर भी आज खतौली उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के लिए पहुंचे। कई नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित करने के साथ उन्होंने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि वो यहां पर केवल गुर्जर समाज की ही बात करने नहीं आए, बल्कि वो विशेष तौर पर खतौली की जनता के रूप में यहां पर निवास कर रहे ३६ बिरादियों के लोगों को निमंत्रण देने के लिए आए हैं। उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज को भाजपा के एमएलसी वीरेन्द्र सिंह आदि नेता संभाल रहे हैं। समाज इन्हें मानता है। चुनाव कोई भी हो या प्रत्याशी किसी का भी हो, गुर्जरों ने भाजपा को ही चुना है और पीएम मोदी एवं सीएम योगी की कल्याणकारी योजनाओं एवं जनहितैषी नीतियों के कारण लगातार ये समाज भाजपा के पक्ष में वोट कर रहा है। विधायक नंद किशोर गुर्जर ने आरोप लगाया कि रालोद द्वारा यहां लाए गए प्रत्याशी मदन भैया का आतंक लोनी की गली गली में है, मैं खतौली की जनता को लोनी आने का निमंत्रण देने के लिए आया हूं कि वहां पर जाकर मदन भैया के कारनामों को देखें, लोनी के घर-घर में विधवाएं बैठी हैं। कितने मर्डर और लूट इनके द्वारा की और कराई गई हैं। इसकी कहानी इनके खिलाफ दर्ज मुकदमे बयां करते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे साथ यहां पर कुछ लोग भी आये जो मदन भैया के पीड़ित हैं। मेरा यही अनुरोध है कि यहां से जाने वाली सभी जनता के साथ पुरा महादेव पर जलाभिषेक करायेंगे, वहां जाकर जरूर देखें कि मदन भैया ने विधायक बनने के बाद क्या विकास कराया है। नंद किशोर ने एक सवाल के जवाब में मीडिया से कहा कि गुर्जर समाज ने हेलीकॉप्टर से आने वालों को हमेशा नकारा है। गुर्जर समाज सम्राट वीरभोज से लेकर साल २०२२ के चुनाव तक देश के साथ खड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक विक्रम सैनी ने खतौली क्षेत्र में विकास किया है और यही कारण है कि जनता ने उनको दोबारा चुना है। प्रदेश में योगी जैसा शानदार मुख्यमंत्री है, इसका लाभ जनता को मिला है। भाजपा विधायक नंद किशोर ने कहा कि मैं एक गाड़ी से चला था, लेकिन रास्ते में जब लोगों को पता चला कि मैं खतौली में जा रहा हूं तो लोनी को नरक बनाने का काम करने वाले मदन भैया के खिलाफ अपनी बात लेकर जनता के बीच ये पीड़ित लोग आये हैं। उन्होंने कहा कि मदन भैया के खिलाफ ढेर सारे अपराध दर्ज हैं। एक मामले में तो अभी उनके खिलाफ कार्यवाही प्रचलित हैं। दिल्ली के करावलनगर निवासी शिखा शर्मा ने गाजियाबाद पुलिस को मदन भैया आदि के खिलाफ बाइक गिराने, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तहरीर दी थी। यह घटना ०४ नवंबर की है। उन्होंने कहा कि भाजपा की लोनी में जीत के बाद व्यवस्था बदली है और विकास हुआ है। इस दौरान भाजपा के एमएलसी चौ. वीरेन्द्र सिंह, अभिषेक चौधरी, खतौली के पूर्व चेयरमैन पारस जैन भी मौजूद रहे।

## जमीन के लिए युवक का मर्डर

**बुढ़ाना, 24 नवम्बर (बु.)।** लगभग तीन बीघा काश्त की भूमि को लेकर दो पक्षों में जबरदस्त कहासुनी हो गई और फिर देखते ही देखते यह कहासुनी खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई। दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे पर किए गए ताबड़तोड़ प्रहारों के चलते लहूलुहान हुए एक युवक की मौत हो गई है, जबकि घायल हुए कई अन्य लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही सीओ पुलिस फोर्स को साथ लेकर गांव में पहुंचे और हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया। बृहस्पतिवार को जनपद मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव अटाली में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच संघर्ष हो गया। शुरूआती कहासुनी के बाद गाली गलौज का सिलसिला लाठी-डंडे और धारदार हथियारों के चलने तक पहुंच गया। सरेआम हुई खूनी संघर्ष की इस वारदात में दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर एक-दूसरे के सामने आकर डट गए। जमीनी विवाद को लेकर हुए इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के दर्जनों लोग घायल हो गए। दो पक्षों के बीच लाठी डंडे और धारदार हथियार चलने से घटनास्थल पर भगदड़ मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ विनय गौतम फोर्स को साथ लेकर गांव में दौड़ पड़े। घायलों को तत्काल एंबुलेंस में उठाकर इलाज के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया गया, जहां से एक पक्ष के अमित, केला देवी, नितिन, कंवरपाल, गोविंद और दूसरे पक्ष के संतलेश, राजीव, बाबू और चंद्रपाल को गंभीर हालत के चलते हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया गया, जिस समय घायलों को उपचार के लिए हायर सेंटर ले जाया जा रहा था, तो अमित की रास्ते में ही मौत हो गई। सीओ विनय गौतम ने पुलिसबल के साथ गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से पूछताछ की। उन्होंने बताया है कि घटना के सम्बंध में तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल गांव अटाली में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। उधर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



खूनी संघर्ष में घायल महिला

## अंजू अग्रवाल को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत



**मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बु.)।** हाईकोर्ट ने पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल के संबंध में 10 अक्टूबर को दिये गए बर्खास्तगी के आदेश को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट के आदेश पर चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने बताया कि न्याय की जीत हुई। चेयरमैन अंजू अग्रवाल को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दावा किया जा रहा है कि गुरुवार को हुई सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने अंजू अग्रवाल की बर्खास्तगी का आदेश खारिज कर दिया। इससे अब उनके पूरे अधिकार के साथ वापस आने का रास्ता साफ हो गया। हांलाकि अभी आदेश की प्रति प्राप्त न होने के कारण संशय बना है और विरोधियों का दावा है कि हाईकोर्ट ने शासन को नया निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र किया है। अंजू अग्रवाल के खिलाफ भाजपा सभासद राजीव शर्मा और मनोज वर्मा ने प्रशासन और शासन में शिकायत की थी। प्रशासनिक जांच में भी आरोप सही ठहराए गए। तत्कालीन डीएम सेल्वा कुमारी ने रिपोर्ट शासन को भेजी थी। शासन ने 19 जुलाई 2022 की रात्रि में अंजू अग्रवाल पर 4 आरोपों में दोषसिद्ध होने की बात कहते हुए उनके वित्तीय अधिकार सीज कर दिये थे। जबकि प्रशासनिक पावर बहाल रखी गयी थी। इसके बाद अंजु अग्रवाल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की और शासन के आदेश के खिलाफ आवाज उठाई। 02 सितम्बर को हाईकोर्ट की खण्डपीठ ने उनकी याचिका पर निर्णय सुनाते हुए 19 जुलाई का शासन का आदेश खारिज करते हुए दो सप्ताह में सुनवाई करते हुए नया निर्णय देने को कहा था। इस बीच चेयरपर्सन अंजु अग्रवाल पालिका में अपना अधिकार वापसी की मांग करती रही, लेकिन शासन व प्रशासन ने अधिकार नहीं लौटाये। चेयरपर्सन ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका डाली, लेकिन समय शेष रहने के कारण उनकी याचिका को निरस्त कर दिया गया। इसी बीच 26 सितम्बर को उनको प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने 10 अक्टूबर को राज्यपाल की स्वीकृति के बाद प्रमुख सचिव नगर विकास ने अंजू अग्रवाल को पद से बर्खास्त करने के आदेश जारी कर दिये थे। इसके बाद 18 अक्टूबर को पालिका में डीएम चन्द्रभूषण सिंह ने शासन के आदेशानुसार नगर मजिस्ट्रेट अनूप कुमार को प्रशासक नियुक्त कर दिया। बर्खास्तगी आदेश के खिलाफ चेयरमैन एक बार फिर हाईकोर्ट पहुंची और उनकी याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट नम्बर-21 में विद्वान न्यायाधीश मनोज गुप्ता तथा न्यायाधीश श्री बनर्जी के समक्ष सुनवाई के लिए स्वीकृत की गयी। सूत्रों के अनुसार इस मामले में हाईकोर्ट में 04 नवंबर, 09 नवंबर, 11 नवंबर, 21 नवंबर और 22 नवंबर को सुनवाई हुई और आज 24 नवंबर को भी सुनवाई के बाद हाईकोर्ट खण्डपीठ ने अपना निर्णय सुनाया है। सूत्रों ने बताया कि खण्डपीठ में सुनवाई के दौरान चेयरमैन की ओर से उनके अधिवक्ता सीके पारिख, विवेक मिश्रा और शशि नन्दन ने पक्ष रखा, जबकि शासन की ओर से एडवोकेट जनरल उपस्थित रहे। सूत्रों ने बताया कि 21 नवंबर को भी शासन की ओर से एक दिन का समय मांगा गया था, इसलिए ही 22 नवंबर को सुनवाई तय की गयी। आज भी शासन की ओर से एडवोकेट जनरल ने अदालत से एक दिन का समय मांगा, तो कोर्ट ने नारजागी जाहिर करते हुए फैसला सुनाकर याचिका निस्तारित कर दी है।

## नावला के मंदिर में नमाज पढ़ते दो लोगों का वीडियो वायरल

▶ फ्रेट कॉरीडोर की लेबर के लोगों को पूछताछ के बाद छोड़ा

**मुजफ्फरनगर, 24 नवंबर (बु.)।** खतौली में विधानसभा के चुनाव चलते जहां माहौल गर्म है, वहीं क्षेत्र के चर्चित गांव नावला में एक मंदिर में दो मुस्लिमों द्वारा नमाज पढ़ने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। गांव के जानकार सूत्रों ने बताया कि यह घटना बुधवार यानि कल शाम की है। इसे लेकर गांव के कुछ लोगों ने विरोध किया, हालांकि नमाज पढ़ रहे दोनों लोगों द्वारा माफी मांगे जाने के बाद उन्हें जाने दिया गया और मामला तूल पकड़ने से बच गया। खतौली विधानसभा क्षेत्र के नावला गांव की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसमें गांव के बाहरी इलाके में बने एक मंदिर के प्रांगण में दो मुस्लिम नमाज पढ़ते दिखाई दे रहे हैं। इसे लेकर कुछ लोग वहां उन्हें नमाज पढ़ते देखते हैं तो उनसे पूछते हैं कि वे मंदिर परिसर में नमाज क्यों पढ़ रहे हैं। इस पर वहां नमाज पढ़ रहे दोनों लोग माफी मांगते हुए वहां से उठ जाते हैं। हालांकि बाद में उनसे पूछताछ के बाद उन्हें वहां से जाने दिया जाता है। ऐसे में मामला बिगड़ने से पहले ही शांत हो जाता है। इस वीडियो के संबंध में जब गांव के जानकार लोगों से बात की गई तो उनका कहना था कि मामला गत दिवस यानि बुधवार का है। बुधवार शाम गांव के बाहर स्थित एक मंदिर में दो लोगों को नमाज पढ़ते देखा गया था। इसके बाद गांव के लोगों में आक्रोश था। नमाज पढ़ते देख जब उन्हें टोका गया तो इन लोगों ने गलती से वहां नमाज पढ़ने की बात कही। इसके बाद जब उनसे पूछताछ की गई तो पता चला कि यह दोनों यहां फ्रेट कॉरीडोर के लिए चल रहे निर्माण कार्य में काम करने के लिए आए हैं। वे गलती से मंदिर परिसर में घुस गए थे। उनके द्वारा इस मामले पर खेद जताए जाने के बाद मामला शांत हो गया।



## आज बडसू में डिप्टी सीएम मौर्य करेंगे चुनावी सभा



**मुजफ्फरनगर।** सूबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को भाजपा उम्मीदवार राजकुमारी सैनी के समर्थन में गांव बडसू में आयोजित चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे। बडसू में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित हो रही चुनावी सभा में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दोपहर 1:20 बजे पहुंचेंगे। अगले दिनों में दूसरे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी खतौली उपचुनाव के लिए चुनावी सभाएं प्रस्तावित हैं।



## एक नजर...

### अलग-अलग स्थानों से दो बाइक चोरी

**मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बु.)।** वाहन चोर अलग-अलग स्थानों से दो बाइक चोरी कर ले गए। दोनों मामलों की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई है। मंसूरपुर थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में हुसैनपुर बोपाड़ा निवासी राहुल कुमार पुत्र ब्रजवीर सिंह ने बताया कि वह अपनी बाइक देशी शराब के ठेके पर खड़ी कर-के शराब लेने गया था। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने उसकी बाइक चोरी कर ली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। एक अन्य घटना में चरथावल थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में रोनी हर्जीपुर निवासी राहुल कुमार पुत्र शेरपाल ने बताया कि उसने अपनी बाइक रोनी बस स्टैंड पर खड़ी की थी, जहां से अज्ञात बदमाश उसकी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### एक युवक को चाकू सहित किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली पुलिस ने एक युवक को चाकू सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान तबलशाह रोड पर एक संदिग्ध युवक को देखकर उसे टोका, तोवह मौके से भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी दक्षिणी कृष्णापुरी निवासी छोटू पुत्र दामोदर शर्मा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

### तीन सगी बहनें घर से सामान लेकर गायब

**मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बु.)।** छपार थाना क्षेत्र के एक गांव से 3 सगी बहनें संदिग्ध हालातों में लापता हो गईं। लापता युवतियों के पिता ने दो युवकों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। छपार थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसने अपनी 19 वर्षीय पुत्री के रिश्ते की बात चला रखी है। लड़के वाले उसकी पुत्री को देखने के लिये आने वाले थे। रात के समय उसकी पुत्री अपनी दो अन्य बहनों के साथ घर से लापता हो गई। तीनों घर से सामान भी ले गई हैं। रिपोर्टकर्ता ने आरोप लगाया कि गांव के ही रोहित व रवि ने उसकी पुत्रियों को गायब किया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### चरथावल पुलिस ने संदिग्ध ट्रक दबोचा

**मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बु.)।** चरथावल पुलिस ने एक ऐसे ट्रक को कब्जे में लिया है, जिसका चेसिज नम्बर काटकर कोई और चेसिज नम्बर वेल्डिंग कर लगाया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर ट्रक मालिक की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये हैं। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि चरथावल पुलिस ने लुहारी में खड़े एक ट्रक की सूचना मिलने पर जांच की, तो पाया कि उसका चेसिज नम्बर काटने के बाद वेल्डिंग कर दूसरा चेसिज नम्बर लगाया गया है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर उसके मालिक इरफान पुत्र हारुण के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये हैं।

# ट्रैफिक पुलिस ने बाइकर्स को बांटे मुफ्त हेलमेट



ट्रेफिक पुलिस की नई पहल में एसएसपी के द्वारा हेलमेट पहने मिले वाहन चालकों को गुलाब का फूल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। फोटो बुलेटिन

**मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बु.)।** हेलमेट लगाकर दुपहिया वाहन चलाने पर एसएसपी ने गुलाब का फूल और प्रशस्ति पत्र भेंट कर दुपहिया वाहन चालकों का उत्साहवर्धन किया, जिन बाईकर्स ने हेलमेट नहीं लगाए थे, उन्हें हेलमेट भेंट किय गऐ। एसएसपी ने अपने हाथों से गुलाब और हेलमेट भेंट किये। कहा कि जीवन की सुरक्षा के लिए दुपहिया वाहनों चालक हेलमेट जरूर लगाएं।

यातायात पुलिस नवंबर माह को सड़क सुरक्षा माह के रूप में मना रही है। सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। गुरूवार को एसएसपी विनीत जायसवाल भोपा रोड पर विश्वकर्मा चैक पहुंचे और वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। एसएसपी विनीत जायसवाल ने एसपी ट्रैफिक कुलदीप सिंह और एसपी क्राइम के साथ मिलकर वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने हेलमेट लगाकर वाहन चलाने वालों को अपनी और से गुलाब और प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। जिन दुपहिया वाहन चालकों ने हेलमेट नहीं लगाए हुए थे, उन्हें यातायात पुलिस की और से निःशुल्क हेलमेट भेंट किये।

इस दौरान वहां से जो भी वाहन चालक निकला उसे प्रेरित किया गया कि वे भविष्य में भी यातायात नियमों का पालन करते रहें। एसएसपी ने कहा कि अपने जीवन की सुरक्षा अपने हाथ में है। यदि यातायात नियमों का पालन करते हैं तो उससे जीवन ही सुरक्षित होता है। एसपी ट्रैफिक कुलदीप सिंह ने कहा कि यातायात माह के अंतर्गत पुलिस लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर रही है। उसी क्रम में ऐसे लोगों को जो सक्षम हैं, लेकिन हेलमेट नहीं लगाते और जिन पर हेलमेट नहीं है, उन्हें अपनी और निःशुल्क हेलमेट वितरित किये गए।

# महिला को रास्ते में रोककर छेड़छाड़, दी धमकी

## पीड़िता ने तहरीर देकर कराया दो आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बु.)।** एक महिला ने दो लोगों पर मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में अलमासपुर निवासी महिला ने बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। वह आजीविका चलाने के लिये जानसठ रोड स्थित एक स्कूल में काम करती है, जहां उसे बच्चों को स्कूल लाने व उनके घरों पर छोड़ने का काम दिया गया है। पीड़िता ने बताया कि उसके पड़ौस में रहने वाले बबलू ने होली पर उसके साथ छेड़छाड़ व बदतमीजी की थी। मामले की शिकायत पुलिस में की गई थी, जिसमें कुछ लोगों ने फैसला करा दिया था। पीड़िता ने बताया कि बबलू वहां से मकान खाली करके चला गया था, लेकिन वह लगातार उसका पीछा कर उसे परेशान करता आ रहा है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने अपने साथी विपिन के साथ मिलकर उसे रास्ते में रोककर उसके साथ छेड़छाड़ व मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### किशोरी को अश्लील मैसेज भेज रहा युवक

**मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बु.)।** एक युवक पर किशोरी को मोबाइल फोन पर अश्लील मैसेज भेजकर उनका मानसिक उत्पीड़न करने की शिकायत दर्ज कराते हुए कार्यवाही की मांग की गई है।

पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में नई मंडी थाना क्षेत्र के एक मौहल्ला निवासी व्यक्ति ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के मिमलाना रोड निवासी चिराग उसकी पुत्री व परिवार के अन्य लोगों के फोन नम्बरों पर व्हाट्सएप पर अश्लील मैसेज भेजकर उन्हें परेशान कर रहा है। आरोपी उसकी पुत्री को रास्ते में रोककर छेड़छाड़ करता था, जिसके चलते उसकी पुत्री को अपनी पढ़ाई भी छोड़नी पड़ी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी हत्या की भी धमकी दे रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### केस की पैरवी करने पर की गई वकील की पिटाई

**मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बु.)।** एक अधिवक्ता ने मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस थाने में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई है। अदालत के आदेश पर सिविल लाइन थाने में दर्ज हुई रिपोर्ट में विपिन कुमार एडवोकेट ने बताया कि वह कचहरी में प्रेक्टिस करता है। बताया कि वह ज्वालापुर निवासी विपिन कुमार के एक मुकदमे की पैरवी कर रहा है, जिसमें दूसरा पक्ष भोजाहेड़ी का रहने वाला है। आरोप है कि मुकदमें की पैरवी करने पर दूसरा पक्ष उससे रंजिश रखता है, जिसके चलते उक्त पक्ष ने कचहरी में उसके साथ बुरी तरह मारपीट की। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसकी पत्नी को फोन करके पुत्र की हत्या करने की भी धमकी दी। अदालत के आदेश पर पुलिस ने दो महिलाओं सहित 5 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# कपिलदेव अग्रवाल ने खतौली में किया जनसंपर्क

**मुजफ्फरनगर, 24 नवंबर (बु.)।** खतौली विधानसभा चुनाव के लिए राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव ने डोर टू डोर संपर्क कर भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगे और बड़ी जीत का विश्वास जताया। इस दौरान कई जगह उनका स्वागत भी किया गया। खतौली विधानसभा उप चुनाव को लेकर राजनीतिक भाग दौड के बीच भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंत्री कपिल देव विगत कई दिनों से क्षेत्र में डेरा डाले हुए हैं। इसी क्रम में मंत्री कपिल देव ने आज खतौली में शेखपुरा के बूथ संख्या 179, 182 पर शक्ति केंद्र संयोजकों तथा बूथों के अध्यक्षों के साथ डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने व अन्य लोगों को भी पार्टी की नीति-रीतियों से परिचित कराकर राजकुमारी सैनी के हाथों को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया है कि इस बार खतौली सीट पर पुनः बड़ी जीत हासिल होगी। मंत्री कपिल देव ने हेतराम कालोनी में जनसंपर्क के दौरान अनिल प्रधान के आवास पर प्रबुद्ध नागरिकों व व्यापारियों की बैठक में को संबोधित कर चुनावी प्रचार प्रसार में जुटने की अपील कर भाजपा प्रत्याशी राजकुमारी सैनी को भरपूर मतदान कर प्रचंड जीत दिलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर वेद प्रकाश अग्रवाल, देवेंद्र गुप्ता, विकास बंसल, अंकुर सिंघल, मंडल अध्यक्ष अमित जैन, अजय गुप्ता सहित पार्टी कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# स्पिक मैके कार्यक्रम में भरतनाट्यम की मनोहारी कलाओं का प्रदर्शन



**मुजफ्फरनगर, 24 नवंबर (बु.)।** स्पिक मैके संस्था द्वारा नगर क्षेत्र के विभिन्न स्कूल कॉलेजों में भरतनाट्द्धम की विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन करते हुए छात्र छात्राओं को इसके प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम की इस कड़ी में आर्य कन्या पाठशाला इण्टर कॉलेज मैं संस्था द्वारा नगर मैं कराए जा रहे कार्यक्रम के बीच गुरुवार को प्रख्यात भरतनाट्यम कलाकार शायोनी चक्रवर्ती ने छात्राओं को शास्त्रीय नृत्य की जानकारी दी एवं अपनी मनोहारी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। प्रधानाचार्या कुसुम लता द्वारा अतिथियों को बैज लगाकर व पटका पहनाकर स्वागत किया गया।

इस कार्यक्रम के अवसर पर उप प्रधानाचार्य बृजेश कुमार राजकीय इण्टर कॉलेज मुजफ्फरनगर, सुनील कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य डी.ए.वी. इण्टर कालेज, पूर्व प्रधानाचार्या कुसुम त्यागी, कंचन प्रभा शुक्ला, प्रधानाचार्या जैन कन्या इ.का.नई मण्डी, राजेश कुमारी, रजनी गोयल, सुश्री सुमित्रा सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वंदना सिंह ने किया। स्पिक मैके संस्था के सदस्य डॉ. गरिमा मित्तल, डॉ. मृदुला मित्तल ,भावना सिंघल और नीति मित्तल उपस्थित रहे, बड़े हर्षोल्लास के वातावरण में कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

### सांस्कृतिक विरासत को संजोने की सीख



**मुजफ्फरनगर, 24 नवंबर (बु.)।** नगर पालिका कन्या इण्टर कॉलेज में स्पिक मैके कार्यक्रम के अन्तर्गत भारतीय सांस्कृतिक विरासत को शिक्षा के माध्यम से संजोकर रखने का संदेश दिया गया। भरतनाट्यम कलाकार सायौनी चक्रवर्ती द्वारा सुन्दर व मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सुमित्रा सिंह स्पिक मैके की टीम व कॉर्डिनेटर डॉ. कंचन प्रभा शुक्ला, डॉ. सोहन पाल, डॉ. सुनील शर्मा, भारत भूषण अरोरा, प्रधानाचार्य राजेश कुमारी, डॉ. कुसुम त्यागी, विजय शर्मा, रजनी गोयल, शैली रंजन मौजूद रहे।

# एडीएम प्रशासन ने किया नवीन मण्डी में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



उपचुनाव मतगणना को निरीक्षण करते एडीएम प्रशासन। फोटो बुलेटिन

**मुजफ्फरनगर, 24 नवंबर (बु.)।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा खतौली विधानसभा उप चुनाव हेतु नवीन मंडी स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा खतौली विधानसभा15 उप चुनाव हेतु नवीन मंडी स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा खतौली विधानसभा 15 उप चुनाव को शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष पूर्ण कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि नवीन मंडी में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा दुरूस्त की जाए एवं पोलिंग पॉर्टियों की रवानगी हेतु तैयारियों को जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाए। उक्त निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट अनूप कुमार एवं सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार उपस्थित रहे।

### युवक को पत्थरों से मारकर किया घायल

**मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बु.)।** नई मंडी थाने पर दर्ज रिपोर्ट में सिखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव बहादरपुर निवासी सुशील कुमार पुत्र आशाराम ने बताया कि उसका पुत्र अपने काम से शहर जा रहा था। आरोप है कि गांव के ही पप्पू ने अपने पुत्र सुमित, प्रवेश व मनीष के साथ उसके पुत्र को कल्लरपुर भट्टे के सामने दबोच लिया और उसे लाठी डंडों व ईट पत्थरों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चीख पुकार पर कुछ लोगों के आ जाने पर आरोपी धमकी दे मौके से फरार हो गए। घायल का उपचार चल रहा है।

### कैंडल मार्च निकाल श्रद्धा को दी श्रद्धांजलि

**कैराना, 24 नवंबर (बु.)।** महर्षि कालू बाबा महासभा के बैनर तले कश्यप समाज ने कैंडल मार्च निकाल श्रद्धा को श्रद्धांजलि दी। दोषी को फांसी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। महर्षि कालू बाबा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक कुमार बालियान के नेतृत्व में पालिका बारातघर के निकट स्थित शिव मंदिर से कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान राहुल कुमार, रोहित बजरंगी, राजीव फौजी, सोनू, करण, जयचंद, अरविंद, प्रमोद आदि मौजूद रहे।

# जैन डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने किया प्रदर्शन

## आरोप... प्रयोगात्मक परीक्षा में गैर हाजिर दर्शाया, सौंपा ज्ञापन



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करतीं जैन पीजी कॉलेज की छात्राएं। फोटो बुलेटिन

**मुजफ्फरनगर, 24 नवंबर (बु.)।** जैन कन्या डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान डीएम के नाम प्रशासनिक अधिकारी को सौंपे शिकायती पत्र में छात्राओं ने आरोप लगाया कि वे प्रयोगात्मक परीक्षा में कॉलेज में उपस्थित थी, लेकिन उनकी अनुपस्थिति दर्ज कराकर परीक्षा में अउत्तीर्ण कर दिया गया, जिससे उनका भविष्य अन्कारमय हो रहा है।

आरोप है कि जब इस मामले में उन्होंने कॉलेज प्राचार्य से शिकायत की तो उन्होंने भी कोई मद्द करने के बजाये अभद्रता की। इन छात्राओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच इस समस्या का निदान कराने की मांग की। गुरूवार को कलेक्ट्रेट पहुंची जैन कन्या डिग्री कॉलेज बीएससी की छात्राओं ने अभिभावकों के साथ डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए अपनी शिकायत को लेकर डीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। छात्राओं ने बताया कि 20 सितम्बर को बीएससी पीसीएम द्वितीय वर्ष का परीक्षाफल घोषित हुआ है, जिसमें उनके भौतिक विभाग प्रयोगात्मक परीक्षा में सभी छात्राओं की अनुपस्थिति लगा दी गयी है, जबकि वे प्रयोगात्मक परीक्षा के समय कॉलेज में उपस्थित थी। छात्राओं ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रशासन द्वारा अब उन्हें अगले वर्ष में फैल किये जाने की धमकी दी जा रही है। इन छात्राओं और उनके अभिभावकों ने जिला प्रशासन से इस समस्या का समाधान कराने की मांग की है। इस दौरान काजल, फरीहीन, शिवानी, रिचा, आयुषी, तनु, रिया, नेहा, निशा, मर्यम, सपना, आंचल आदि मौजूद रही।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 24 नवंबर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:-रसकट ढैया-940-930, चाकू 1040-1285, लड्डू 1100-1275, खुरपापाड़ 1060-1092, शक्कर मसाला 1280-1300। आमद-9,000 मन।

## अरिहन्त ज्वैलर्स सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 24 नवंबर, (बु.)।** सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे:-

| | |
|---|---|
| सोना- 52,500 | चांदी-62,000 |
| सिक्का- 710 | गिन्नी- 40,200 |

## आपका आज का राशिफल

**शुक्रवार, 25 नवंबर, 2022**

मेष- आज सायं 5/21 बजे तक भाग्य में न्यूनता, समस्याओं से चिन्तित, उन्नति में बाधा, प्रेम सम्बन्धों में कटुता, शेष समय में नवयोजना फलीभूत,पारिवारिक सुख।

वृषभ- आज सायं 5/21 बजे तक समय प्रगतिकारक, व्यक्तिगत परेशानी कम, इच्छा शक्ति जागृत, यात्रा सुखद, शेष समय में आरोग्य सुख में कमी, अड़चनें।

मिथुन- बहुप्रतीक्षित कार्यों के बनने से प्रसन्नता, आ्थक समस्या का निवारण, आपसी प्रसन्नता, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, शुभ भावनाओं का उदय।

कर्क- व्यापार में धन निवेश, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सफलता, मित्रों में उपस्थित गलतफहमियां दूर, धन सम्पत्ति मसला पक्ष में सुलझने को।

सिंह- आज सायं 5/21 बजे तक समय अशुभ, निर्णय लेने में परेशानी, स्पष्टवादिता घातक, तनाव भी, शेष समय अनुकूल, मनोरथ की सिद्धि, सुख प्राप्त।

कन्या- आज सायं 5/21 बजे तक दिनमान पक्ष में, पराक्रम से कुछ कार्य प्रगति पर, सुयश की प्राप्ति, शेष समय विपरीत, समस्याएँ प्रभावी, मुश्किलें।

तुला- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, नव योजना शुभारम्भ, प्रतियोगिता में सफलता, राजनैतिक गतिविधियों में अभिरुचि, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

वृश्चिक- शारीरिक सुख, स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, मसला सुलझने की ओर, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न।

धनु- आज सायं 5/21 बजे तक विपरीत राजकीय पक्ष से उलझनें मित्रों से अनबन, विचारों में उग्रता, शेष समय में व्यावसायिक उन्नति, समाधान पक्ष में।

मकर- आज सायं 5/21 बजे तक सफलता व सम्पर्क उपयोगी, आरोग्य सुख, यात्रा सुखद, शेष समय में लाभार्जन में बाधा, निराशा, आत्मबल में कमी।

कुम्भ- वाक्पटुता से संकल्प सिद्धि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, सामियक कृत्यों से यश की प्राप्ति, जनकल्याण की भावना जागृत।

मीन- कार्य-व्यवसाय में परिश्रम के अनुरूप सफलता, पराक्रम में वृद्धि, आपसी सलाह से कामयाबी, पारिवारिक वातावरण में हर्षोल्लास, शेष समय में लाभार्जन, चित्त प्रफुल्लित।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# पूर्व मंत्री यशवंत सिंह ने भाजपा प्रत्याशी के लिए मांगा समर्थन



### ग्रामों में भ्रमण कर भाजपा की नीतियों से कराया गया अवगत

**मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बु.)।** भाजपा के पूर्व मंत्री यशवंत सिंह ने खतौली उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजकुमारी सैनी के समर्थन में वोट मांगे। उन्होंने कई गांवों में बैठक कर पार्टी की नीतियों और सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।

तालड़ा गांव में पूर्व मंत्री यशवंत सिंह ने भाजपा जिला कार्यालय प्रभारी मनीष ऐरन और ब्रजेश रस्तौगी के साथ बैठक कर मतदाताओं से भाजपा के समर्थन में वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में देश और उत्तर प्रदेश विकास पथ पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज कायम हुआ है और हर वर्ग खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है। इलाके की जनता ने पहले दो बार भाजपा को यह सीट सौंपी है, इस बार भी खतौली के इस उपचुनाव में कमल ही खिलने वाला है। भाजपा जिला कार्यालय प्रभारी मनीष ऐरन ने बताया कि जनसम्पर्क के दौरान सभी वर्गों के मतदाताओं का समर्थन मिल रहा है।

**शिव जी के नन्दी के घर गऊशाला प्रेमपुरी में दान देने वालों की सूची**



| | |
|---|---|
| ✶ राधारानी ग्रुप (हैप्पी) | -3000 |
| ✶ छवि चौधरी | -1000 |
| ✶ गुप्त दान | -250 |
| ✶ गुप्त दान | -250 |
| ✶ ऐश्वर्या जैन | -200 |

किसी भी व्यक्ति को दान देना हो तो 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' के इस नम्बर 9368549219 पर सम्पर्क करें।

**प्रतिभाओं का मेला....**

शाहपुर के स्काई लैंड स्कूल में आयोजित साइंस फेयर में विजेताओं को ट्राफी देकर सम्मानित करते पूर्व विधायक उमेश मलिक व अन्य अतिथि तथा अपना मॉडल प्रदर्शित करते प्रतिभावान छात्र-छात्राएं.... फोटो बुलेटिन






# स्काईलैंड स्कूल शाहपुर में विज्ञान मेले का आयोजन

## जिले के 15 स्कूलों से आए विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए अपने मॉडल, पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कार्यक्रम को सराहा

**शाहपुर, 24 नवम्बर (बुस.)।** स्थानीय स्काईलैंड स्कूल में सहोदय स्कूल मुजफ्फरनगर के तत्वाधान में साइंस फेयर का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद भर के 15 स्कूलों ने प्रतिभाग किया। विज्ञान मेले में बच्चों द्वारा अलग-अलग विज्ञान के मॉडल का प्रदर्शन किया गया।

साइंस फेयर में पराली या अन्य कारणों से होने वाले प्रदूषण को समाप्त करने के लिए द स्काईलैंड स्कूल शाहपुर द्वारा बनाए गए मॉडल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। साथ ही गोल्डन बेल्स पब्लिक स्कूल नंगला मुबारिक को भी विजेता घोषित किया गया। द्वितीय स्थान इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल मोरना एवं तृतीय स्थान मूनलाइट पब्लिक स्कूल को प्राप्त हुआ।

**स्काई लैंड स्कूल के मॉडल को मिला अव्वल नंबर**

विजेता बच्चों को मुख्य अतिथि पूर्व विधायक उमेश मलिक के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि स्काईलैंड स्कूल शाहपुर द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले इस प्रकार के आयोजन छात्र छात्राओं के लिए उत्साह एवं ज्ञानवर्धक साबित होते हैं। उन्होंने विद्यालय के समस्त स्टाफ को साधुवाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

पूर्व विधायक उमेश मलिक, भाजपा नेता उमेश मित्तल, प्रमुख समाजसेवी विनोद कुमार आरा मशीन वाले, वरिष्ठ पत्रकार सचिन संगल ने विजेता विद्यालयों की टीमों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। प्रदर्शनी में सूर्य देव इंटरनेशनल एकेडमी, बलवंती देवी पब्लिक स्कूल, गोल्डन हार्ट अकेडमी खतौली, गोल्डन बेल्स अकेडमी, आर्य इंटरनेशनल अकेडमी मुजफ्फरनगर, सिल्वर ऑक पब्लिक स्कूल, कस्तूरी देवी पब्लिक स्कूल, आरती मेमोरियल पब्लिक स्कूल आदि ने प्रतिभाग किया।

इंडियन फिजिक्स एसोसिऐशन के वरिष्ठ सदस्य एसके गोयल एवं चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ माइक्रोबायोलॉजी डिपार्टमेंट के हेड देवेंद्र कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई। बच्चों द्वारा स्मार्ट सिटी, स्मार्ट डस्टबिन, वाटर साइकिल व मोबाइल लिफ्ट, वाटर कंजर्वेशन, हाइड्रोलिक क्रेन, एक्सीडेंट फ्री कार इत्यादि मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। मेले के सफल आयोजन में विद्यालय के सचिन चौधरी, कमल सैनी, ज्योति, मनीषा, बिलाल, नितिन, नावेद, प्रिया, मोनिका, प्रीति, प्रज्ञा, सपना, आयुषी, मधु, राहुल जिंदल आदि का योगदान रहा। कार्यक्रम संचालन विकास भार्गव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सहोदय सचिव शिव कुमार, इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन मुजफ्फरनगर से अध्यक्ष अनिल आर्य, सचिव संदीप मलिक के साथ कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य अनघ सिंगल, अतुल बालियान, दुष्यंत त्यागी, केके आनंद, सुघोष आर्य आदि उपस्थित रहे। विद्यालय के मैनेजर राहुल गोयल व मनोज गोयल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।




**इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल के बच्चे बने विजेता**

फोटो बुलेटिन साइंस फेयर में ट्राफी के संग प्रतिभागी और शिक्षक।

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
डिप्टी -सम्पादिका- श्रीमति पूजा दुआ
☎, (प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन- 9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2022

सम्पादक की कलम से

## शशि थरूर, सचिन पायलट

कांग्रेस में शशि थरूर और सचिन पायलट को आगे की लाइन से पीछे धकेला जा रहा है, कुछ लोग तो यहाँ तक कह रहे हैं कि इन दोनों के पर कतरने की कोशिशें हो रही हैं। तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस के सांसद शशि थरूर ने कांग्रेस अध्यक्ष पद चुनाव में मल्लिकार्जुन खड़गे के सामने एक हजार से ज्यादा वोट हासिल कर लोगों को चौंकाया था। आमतौर पर कांग्रेस जैसी पार्टी के अंदर, इतने बड़े पद का चुनाव लड़ने वाले नेता को किसी दूसरे पद के साथ समायोजित किया जाता रहा है, मगर शशि थरूर के साथ ऐसा कुछ नहीं हुआ, शशि थरूर तो मल्लिकार्जुन खड़गे को जीत की बधाई देने, उनके घर सबसे पहले पहुंचने वालों में थे। उन्होंने मल्लिकार्जुन खड़गे की जीत को पार्टी की जीत भी बताया था। दूसरी तरफ राजस्थान के मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने सचिन पायलट पर अब तक का सबसे बड़ा और सीधा हमला बोला है। इन दिनों शशि थरूर और सचिन पायलट दोनों ही की राजनीति बिगड़ी पड़ी है। पार्टी के अंदर और बाहर, लोगों को तब बड़ा अचरज हुआ जब न तो थरूर को कांग्रेस की स्टियरिंग कमेटी में शामिल किया गया और न ही गुजरात और हिमाचल प्रदेश चुनाव के स्टार प्रचारकों की सूची में उन्हें जगह मिली। इतना ही नहीं, केरल में भी उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। युवा कांग्रेस ने शशि थरूर को कोझिकोड में आयोजित समारोह में संघ परिवार और धर्मनिरपेक्षता की चुनौतियां पर बोलने के लिए आमंत्रित किया था, लेकिन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के दबाव में युवा कांग्रेस के नेताओं ने कार्यक्रम रद्द कर दिया। इतना ही नहीं उन पर कांग्रेस के विरोध प्रदर्शनों में शामिल नहीं होने और गुटबाजी में शामिल होने का आरोप भी लगा है। कुछ लोगों को ऐसा लगता है कि दिल्ली में उपेक्षित महसूस होने के बाद उन्होंने अपनी किस्मत केरल में आजमाने की सोची है, लेकिन केरल कांग्रेस के नेता उन्हें राज्य में भी नहीं देखना चाहते। लेकिन राज्य के लोग उन्हें कांग्रेस के वैकल्पिक चेहरे के तौर पर भी देख रहे हैं, कुछ लोग तो चार साल दूर विधानसभा चुनाव के लिए उन्हें मुख्यमंत्री के तौर पर भी देख रहे हैं। जबकि राज्य के कई नेताओं ने उनकी शिकायत पार्टी के आला कमान और राज्य के प्रभारी तारिक अनवर से भी की है। दिल्ली में अनवर ने मीडिया को इस बारे में कहा, कोई भी पार्टी से ऊपर नहीं है, थरूर ही नहीं, सभी पार्टी नेताओं को प्रदेश कांग्रेस समिति के निर्देशों को मानना होगा। केरल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष के सुधाकरन और नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीशन इस पर बयान दे चुके हैं, मैं उनका समर्थन करता हूं। तारिक अनवर ने यहां तक कहा है कि अगर प्रदेश कांग्रेस समिति शिकायत दर्ज करती है, तो केंद्रीय नेतृत्व मामले को देखेगा। वैसे राजनीतिक तौर पर पार्टी के अंदर थरूर को लोकप्रियता के पैमाने पर चुनौती देने वाला कोई नेता मौजूद नहीं है। अगर लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट सरकार का नेतृत्व कर रहे मुख्यमंत्री पिनरई विजयन को चुनौती देना है, तो उन्हें थरूर जैसा नेता चाहिए। कुछ राजनीतिक विश्लेषक कहते हैं कि कांग्रेस पार्टी एक कैडर आधारित पार्टी नहीं है। पार्टी के दूसरे नेता यह मानने को तैयार नहीं हैं कि पार्टी सांगठनिक तौर पर कमजोर हो गई है। सीपीएम के खिलाफ सत्ताविरोधी लहर है, लेकिन लोग उन्हें वोट देंगे, क्योंकि उन्होंने ऐसी व्यवस्था विकसित की है, जिसमें पार्टी कैडर हैं, साक्षरता और सांस्कृतिक गतिविधियां हैं और लोगों को रोजगार देने का भरोसा है। इससे उनका वोट बैंक बनता है। 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान ओमान चांडी और रमेश चेन्नीताला समूह की आपसी गुटबाजी के चलते कांग्रेस सरकार नहीं बना सकी थी। इस चुनाव से पहले केरल में ऐसा ट्रेंड रहा था कि हर पांच साल पर सरकार बदल जाती थी। सियासी गलियारों में यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या थरूर को, उसी तरह से साइडलाइन किया जा रहा है, जैसे कि राजस्थान में सचिन पायलट को किया जा रहा है? राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि थरूर को पायलट की तरह साइडलाइन किया जा रहा है। स्थिति को संभालने के लिए कांग्रेस के पास कोई आइडिया नहीं है, मगर पायलट थरूर की तरह नहीं हैं। थरूर का व्यक्तित्व बड़ा भी है और अपने इलाके में करिश्माई भी है। कांग्रेस के कुछ नेता कहते हैं, कि सबको उम्मीद थी कि पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव में आखिरी समय में थरूर हट जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और सबको चौंकाते हुए उन्होंने 1076 वोट हासिल किए, जबकि लोगों को उम्मीद थी कि वे ज्यादा से ज्यादा 200 से 300 वोट हासिल कर पाएंगे। यानी थरूर के मामले में यह कहा जा सकता है, पिक्चर अभी बाकी है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान आने से पहले राजस्थान कांग्रेस में एक बार फिर भारी खींचतान शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सचिन पायलट पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि पायलट को कैसे सीएम बना सकते हैं। जिस आदमी के पास 10 विधायक नहीं हैं, जिसने ? बगावत की हो, जिसे गद्दार नाम दिया गया है, उसे लोग कैसे स्वीकार कर सकते हैं।

गहलोत ने कहा कि जिसके कारण हम 34 दिन होटलों में बैठे रहे, ये सरकार गिरा रहे थे, अमित शाह भी शामिल थे। धर्मेंद्र प्रधान भी शामिल थे। गहलौत ने एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में यह बातें कहीं। गहलोत कैंप के द्वारा पायलट को स्वीकार नहीं करने के सवाल पर गहलोत ने कहा जो आदमी गद्दारी कर चुका है, उसे हमारे एमएलए और मैंने खुद भुगता है, 34 दिन तक होटलों में रहे हैं, उनको वे कैसे स्वीकार करेंगे? गहलोत ने कहा कि सितम्बर में एक बात फैलाई गई कि सचिन पायलट को सीएम बनाया जा रहा है। पायलट ने खुद ऐसा व्यवहार किया कि वे सीएम बनने जा रहे हैं। उन्होंने कई विधायकों को फोन किए कि पर्यवेक्षक आ रहे हैं, उन्हें यह कहना है। गहलोत ने कहा कि इस हालात में एमएलए को यह भ्रम हो गया कि पायलट विधायक दल की बैठक के दूसरे दिन ही शपथ ले रहे हैं। इसलिए 90 विधायक इकट्ठे हो गए थे। वे सब निष्ठावान हैं और हाईकमान के साथ हैं, जिसकी वजह से हम 34 दिन होटलों में रहे, जिसने सरकार गिराने का षड़यंत्र किया, उसे विधायक कैसे स्वीकार करते। डांवाडोल कांग्रेस में इन कांग्रेस नेताओं का भविष्य क्या होगा यही देखना है।

### चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"रिश्ता" "भरोसा" "दोस्ती" "जिन्दगी"

कोई भी रिश्ता हो उसमें बस भरोसा चाहिए,
आपसी विश्वास के बिन दोस्ती चलती नहीं।
शक में डूबे लोग भी जीने को जीते हैं यहाँ,
जिन्दगी चलती है उसमें बस खुशी चलती नहीं।

# डीएम एवं एसएसपी ने किया मतदान बूथों का निरीक्षण

**-आदर्श आचार संहिता का पूर्णतया पालन कराया जायेगा : डीएम**
**- गड़बड़ी करने वालों को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे : एसससपी**

मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (सूवि.)। डीएम चंद्र भूषण सिंह एवं एसएसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि 15-खतौली विधानसभा उपनिर्वाचन 2022 को सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने उपचुनाव से संबन्धित अधिकारियो को निर्देश दिये कि बूथों पर बैरीकेटिंग, बिजली, पानी, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा हर बूथ पर जाकर सम्बन्धित अधिकारी विजिट करे। अगर किसी प्रकार की समस्या है तो हमे जानकारी से अवगत कराया जाये, ताकि समय रहते हुए समस्या को ठीक कर लिया जाये। डीएम चन्द्र भूषण सिह ने बडसू, सठेड़ी तथा थाना रतनपुरी में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को मताधिकार का प्रयोग कराना हम सबका संवैधानिक दायित्व है।

इस दायित्व की पूर्ति के लिए पूरी निष्पक्षता के साथ बिना किसी भेदभाव के 15-खतौली विधानसभा उपनिर्वाचन 2022 को सम्पन्न कराये।उन्होंने निर्देश दिये कि दबंगाई दिखाने वाले लोगों को अभी से ही पाबन्द करें जो लोग दबंगाई दिखाते हैं उनको 107/16 में पाबन्द करें। उन्होने कहा कि आदर्श आचार संहिता का पूर्णतया पालन कराया जायेगा। एसएसपी विनीत जायसवाल ने कहा कि बाहरी तत्वों को अपने गांवों मे घुसने नही दें उसकी सूचना तुरन्त दे।



उन्होने कहा कि दबंग व्यक्तियों व असमाजिक तत्वों के विरूध कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान गड़बड़ी करने वालों को किसी भी कीमत पर नहीं छोडेंगे, पिछले चुनावों में गडबडी करने वालों को चिन्हित किया गया है।

इस बार गड़बड़ी करने वालों के विरूध कडी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि मताधिकार से रोकने, डराने व मतदाता को किसी भी प्रकार का प्रलोभन दिये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्व कडी कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर अपर जिलाधिकारी वि/रा अरविन्द कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी खतौली, बीएलओ सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## जाट महासभा ने टीवी चैनल पर लगाया महाराजा सूरजमल की गलत छवि गढ़ने का आरोप

**-प्रधानमंत्री के नाम प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, कार्यवाही की मांग**

मुजफ्फरनगर, 24 नवंबर (बु.)। जनपद जाट महासभा ने एक टीवी चैनल पर महाराजा सूरजमल की गलत छवि गढने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। जाट महासभा ने टीवी पर प्रसारित एक नाटक में महाराजा सूरजमल की गलत छवि गढ़ने का आरोप लगाते 2हुए आक्रोश व्यक्त किया है। महासभा ने गुरुवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा, जिसमें उन्होंने टीवी पर प्रसारित नाटक अहिल्या के निर्देशक एनवी जैक्सन सेठी और कलाकरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। जनपद जाट महासभा अध्यक्ष जगदीश बालियान महासचिव ओमकार अहलावत ने कार्यकताओं के साथ कलक्ट्रेट पहुंचकर टीवी चेनल पर प्रसारित नाटक अहिल्या के कथानक पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने प्रधानमंत्री के नाम भेजे ज्ञापन में कहां कि नाटक में जाट समाज के राजा सूरजमल का गलत चित्रण किया है।

नाटक में दिखाया गया है कि वह युद्ध में पराजित हुए जबकि इतिहास गवाह है कि उन्होंने कभी कोई युद्ध नहीं हारा। उन्होंने बताया कि महाराजा सूरजमल ने युद्ध से लौटते मराठा राजाओं की भी सहायता की थी।



महासभा ने शासन प्रशासन से मांग की कि नाटक अहिल्या के निर्देशक और कलाकारों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर मुख्य रूप से रामपाल वर्मा, सुमित मलिक, देवी सिंह, जयवीर सिंह, अनिल चैधरी, डा. रविन्द्र पंवार, ब्रजवीर सिंह, सुंदर पाल, देवेन्द्र तोमर, डा. जीत सिंह तोमर, कर्नल ओमप्रकाश, कृष्णपाल निर्वाल, सतेन्द्र बालियान, कुलदीप प्रधान और महकार सिंह आदि मौजूद रहे।

## भाजपा ने दिया सम्मान : राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर

जानसठ, 24 नवंबर (बु.)। खतौली उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर, विधायक कीरत गुर्जर ने संयुक्त रूप से माफ कर सभाओं को संबोधित किया। बृहस्पतिवार को खटोली विधानसभा के अहरोडा गांव में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर ने कहा कि राज्य में योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश को उन्नति की ओर ले जाने का काम किया। गंगोह से विधायक कीरत गुर्जर ने कहा भारतीय जनता पार्टी ने गुंडों का सफाया किया है आज भयमुक्त समाज की स्थापना करने में अहम भूमिका भारतीय जनता पार्टी की रही है। इस दौरान उनके साथ जिला उपाध्यक्ष ओम सिंह मोतला रहे। चुनावी सभा का आयोजन ग्राम प्रधान त्रिभुवन अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बृजपाल सिंह, महिपाल, नाहर सिंह गुर्जर, बचन सिंह, विनोद, वीरेंद्र गुर्जर, प्रताप, ब्राह्मण, ओमवीर ठेकेदार, सुंदर पाल, हरिराम, संजय, रमेश, साहब सिंह, विपिन गुर्जर, रोहित गुर्जर, आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



## शान्ति विधान का किया आयोजन

खतौली, 24 नवम्बर (बु.)। काशीराम स्ट्रीट स्थित पीसनोपाडा जैन मन्दिर मे श्रद्धालुओं ने जिनेन्द्र भगवान की आराधना करते हुए पंडित मधुबन शास्त्री के मार्गदर्शन में शान्ति विधान का आयोजन किया। उक्त पावन कार्य में विधान आमन्त्रण का पुण्यकारी कार्य करने का सौभाग्य भूषण लाल मुकेश जैन आढती परिवार को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का कुशल निर्देशन कल्पेन्द्र जैन ने किया। विद्वत समागम डा० मनीष जैन मेरठ ने किया। प्रातः काल मे बडी संख्या में स्त्री, पुरुष व बच्चे पीत व केसरिया वस्त्रों में एकत्रित थे। वीतरागी प्रभु का अभिषेक व पूजन किया। मांगलिक मंत्रोच्चार के साथ पवित्र अर्घ्य समर्पित किये गये। इस अवसर पर आयोजित धर्मसभा में कल्पेन्द्र जैन ने बताया धर्म के मार्ग का पालन करने से जीवन में शान्ति आती है। सत्य धर्म का पालन करने से मनुष्य का आत्मिक चरित्र मजबूत होता है। जीवन में व्यवहार में मधुरता लाए। शांति के बराबर दूसरा कोई तप नही है। जीव दया सर्वोपरि धर्म है। परमपिता परमेश्वर को हम ध्यान व स्वाध्याय से ही पा सकते है। आंतरिक अनुभव मिलने पर हमारी आत्मा आनन्द और खुशी का अनुभव करती है। धार्मिक प्रश्नमंच से सही उत्तर देने वाले को पुरस्कार भेंटकर सम्मानित किया गया। भक्ति भजन व वीतरागी प्रभु की आध्यात्मिक भक्ति की गई। इस अवसर पर मुकेश आढती, राजकुमार प्रवक्ता, शशांक महलका, राहुल टिम्बर, रामकुमार, हितेश सराफ, राहुल पैकर्स, मनोज आढती अंकित, नीरज आढती राजीव मुखिया, विकास, विनोद प्रवक्ता, अजय प्रवक्ता, नवीन तार, पवन तार, अनन्तवीर, संतोष, सुमन, अक्षत, माया, आयुषी, प्रियंका, त्रिशला, अतुल, सरला, अन्जू, पुष्पा, निधी, गौरव सराफ, शिल्पी, रजनी, संगीता, विनय, निशान्त, अनुपम आढती निर्मल, दीपक, भैंसी, शैलबाला सहित बडी संख्या में सुश्रावक धर्मार्जन करते हुए पुण्य कार्य के सहभागी बने ।

## खाद की दुकान पर खड़ी बाईक को चोर ले उड़े

चरथावल, 24 नवम्बर (बु.)। ग्राम बिरालसी में रोनी बस स्टैंड के निकट खाद की दुकान पर खड़ी एक ग्रामीण की बाईक को चोर ले उड़े। थाना क्षेत्र के ग्राम रोनी हरजीपुर निवासी राहुल कुमार पुत्र शेरपाल सिंह किसी कार्य हेतु बाईक द्वारा ग्राम बिरालसी आया था।

पीड़ित बिरालसी में स्थित रोनी हरजीपुर बस स्टैंड के निकट खाद की दुकान के बाहर बाईक खड़ी करके अंदर अपना कार्य करने लगा। आरोप है कि जब राहुल अपना कार्य करके बाहर आया तो बाईक न पाकर भौचक्का रह गया। बाईक न पाकर बदहवास हुए व्यक्ति ने आसपास बाईक की तलाश की लेकिन बाईक न मिलने पर उसने पुलिस को चोरी की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पडताल की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करके कार्रवाई शुरू कर दी।




**खुशी के पल.....**

द एसडी पब्लिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव 'एक प्रयास' के अंतर्गत भारत को प्रदूषणमुक्त करने के लिए जाग्रत करने वाले कक्षा 3 के 94 छात्र-छात्राओं को विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम माहना द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर उन्हें अलंकृत किया गया।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बु.)। नगर के मोहल्ला योगेंद्रपुरी में 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को पूजा-अर्चना और भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। इस दौरान कथा व्यास दीपक कृष्ण शास्त्री केदारनाथ धाम का नगर के विभिन्न मार्गो से होकर कथा स्थल पर पहुंच कर किया गया। सप्त दिवस तक होने वाली श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन की कड़ी में शिव मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। इस दौरान महिलाओं को कथा व्यास और कथा समिति की ओर से मंगाए हुए भव्य कलश वितरित किया गया। मोहल्ला योगेंद्रपुरी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन कथा व्यास दीपक कृष्ण शास्त्री ने कथा का अमृतपान कराते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत ग्रंथ सभी ग्रंथों का सार है, जिस प्रकार शहद में असंख्य गुण होते हैं, उसी प्रकार श्रीमद् भागवत ग्रंथ में सभी ग्रंथों का सार होने के कारण यह अपने आप में अद्भुत ग्रंथ है। कथा व्यास दीपक कृष्ण शास्त्री केदारनाथ धाम ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मनोरंजक नहीं आत्मरंजन का साधन है। श्रीमद्भागवत ही ऐसा ग्रन्थ है, जिसमें भगवान श्री कृष्ण की संपूर्ण कथाओं का वर्णन है। इसलिए भगवान की भक्ति करने के लिए श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। कथा से पूर्व आज के मुख्य यजमान ने भागवत जी का पूजन किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## मानविकी संकाय के नवागन्तुक छात्रों के लिये ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बुस.)। एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के सभागार में आज आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनश्चयन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में मानविकी संकाय के नवागुन्तक छात्र/छात्राओं हेतु ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से नये छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय को जानने का अवसर मिलता है व महाविद्यालय में होने वाली शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक गतिविधियों, का पता चलता है। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 सचिन गोयल, मानविकी संकाय के विभागाध्यक्षा एकता मित्तल, डॉ. रवि अग्रवाल विभागाध्यक्ष वाणिज्य संकाय द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ करते हुए सर्वप्रथम मानविकी संकाय की विभागाध्यक्षा एकता मित्तल ने व सभी प्रवक्ताओं का परिचय छात्र/छात्राओं से कराया। उसके पश्चात उन्होने सभी प्रवक्ताओं को अपने-अपने विषय की जानकारी देने के लिए मंच पर बुलाया, जिसके अन्तर्गत सभी प्रवक्ताओं ने अपने-अपने विषय की कैरियर सम्बन्धित जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक विषय में अपना एक अलग भविष्य बना सकते है, क्योंकि प्रत्येक विषय की अपनी अलग-अलग महत्ता है इस विषय पर विस्तार से चर्चा की व छात्र/छात्राओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में छात्र/छात्राओं ने विभिन्न प्रकार से सांस्कृतिक एवं शिक्षाप्रद कार्यक्रम प्रस्तुत किये व इसके साथ-साथ उन सभी ने परिचय दिया। कार्यक्रम में सपना चैहान, विनीत कुमार, सोहन लाल, नीरज कुमार, दिनेश कुमार पवन, गरिमा कंसल, सोनिया, अकांक्षा, कमर रजा, अंकित धामा, कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।




### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा मंझला पुत्र मेहराज मेरे कहने-सुनने में नहीं है और गलत संगत में उठने-बैठने लगा है। इसलिए मैंने अपने पुत्र मेहराज को अपनी व अपने परिवार की चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि मेरा पुत्र मेहराज कोई गलत कार्य या किसी प्रकार का कोई लेनदेन करता है, तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। आज से मेरा व मेरे परिवार का मेहराज से कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नहीं रहेगा।

**अमीर हसन**
*पुत्र जहूर हसन*
निवासी : ग्राम मजरा श्यामपुर,
कस्बा व थाना - पुरकाजी,
जिला - मुजफ्फरनगर

## 10 विद्यार्थियों का सुप्रसिद्ध कम्पनी में चयन

मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बुस.)। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के एमबीए पाठयक्रम के अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं के लिए प्लेसमेंट का आयोजन किया गया, जिसमे मानव संसाधन के क्षेत्र मे कार्य कर रही सुप्रसिद्ध कम्पनी एएल के टैलंट सर्च एलएलपी के द्वारा एचआर एक्जीक्यूटिव के पद पर विद्यार्थियों का चयन किया। चयन प्रक्रिया का प्रथम चरण टेलिफोनिक इंटरव्यू रहा, जिसमें 42 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जबकि 34 विद्यार्थी प्रथम चरण पास कर यानि निजी साक्षात्कार के लिये चयनित हुये। द्वितीय चरण में कम्पनी के प्रबंधक मनोज यादव ने 34 प्रतिभागियो में से 19 को निजी साक्षात्कार के माध्यम से चयन कर तृतीय चरण के लिये अग्रसारित किया। तीसरा एवं अन्तिम चरण कम्पनी के निदेशक अजित मिश्रा के साथ साक्षात्कार का रहा, जिसमें एमबीए से 10 विद्यार्थियों का चयन एचआर एक्जीक्यूटिव के पद पर किया गया। इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप आफ कालेजेंज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने कहा कि विद्यार्थियों को अपना मनोबल बढ़ाने और पूरे आत्मविश्वास के साथ निरन्तर आगे बढ़ते हुए एक मजबूत व्यक्तित्व निर्माण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम ग्रुप आफ कालेजेज रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने के लिये निरन्तर प्रयासरत है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना किसी भी व्यवसायिक एवं तकनीकी शिक्षा प्रदान करने वाले शैक्षिक संस्थान का मूल दायित्व है, जिसको श्रीराम ग्रुप आफ कालेजेज अपने प्लेसमेंट सैल के माध्यम से बखुबी अंजाम दे रहा है, जिसके लिये प्लेसमेंट सैल बधाई की पात्र है। इस अवसर पर डीन मैनेजमेंट डॉ. सौरभ मित्तल ने चयनित विद्यार्थियो को बधाई दी और असफल रहें विद्यार्थियों को आगामी प्लेसमेंट प्रक्रिया के लिये तैयार रहने के लिये और उन्होंने कहा अवसर और मिलेगे। जरूरत अपने आप का तैयार रखने की है। प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशफाक अली ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कॉलेज मे विद्यार्थियों को रोजगार के और ज्यादा अवसर प्रदान करने के लिए कॉलेज मे और कम्पनियों को भी समय समय पर बुलाया जायेगा, जिससे उन्हें रोजगार के असीम अवसर प्रदान हो सके। कार्यक्रम के समन्वयक राजीवरावल रहे, जिनके कुशल निर्देशन मे कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्रबंधन विभाग के सभी प्रवक्ताओं श्रुति मित्तल, मौ0 दानिश, अतुल रघुवंशी आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।



## चार सगे भाईयों को आजीवन कारावास

कैराना, 24 नवंबर (बु.)। 2013 में थाना झिंझाना के गांव लपराना में किसान की गोली मारकर हत्या करने के मामलें में दोषी सिद्ध पाये जाने पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेन्द्र कुमार ने चार सगे भाईयो को आजीवन कारावास व 7-7 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई। अर्थदण्ड अदा नही करने पर 6-6 माह को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जिला शासकीय अधिवक्ता संजय चैहान व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सतेंद्र धीरयान ने बताया कि 11 जनवरी 2013 को झिंझाना क्षेत्र के गांव लपराना में राजबीर की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

मृतक राजबीर किक्रेट प्रवीण कुमार का पारिवारिक चाचा बताया गया था। मृतक राजबीर के भतीजे अनुज कुमार ने थाना झिंझाना पर चार सगे भाईयों नरेन्द्र, विरेन्द्र, प्रवेन्द्र उर्फ प्रमेन्द्र व सुरेन्द्र निवासी लपराना के विरूद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किए थे, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। मुकदमें की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की और से 7 गवाह पेश किए गये थे। वर्तमान में नरेन्द्र व विरेन्द्र शाहजहांपुर जेल में, सुरेन्द्र सीतापुर जेल में तथा प्रवेन्द्र अयोध्या की जेल में बंद हैं। गुरूवार को दोनों पक्षों की दलील सुनने व पत्रावलियो का अवलोकन करने के बाद अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश सुरेन्द्र कुमार ने दोष सिद्ध पाये जाने पर मुजरिम चारों सगे भाईयों नरेन्द्र, विरेन्द्र, प्रवेन्द्र उर्फ प्रमेन्द्र व सुरेन्द्र निवासी लपराना थाना झिंझाना को आजीवन कारावास व 7-7 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई। अर्थदण्ड अदा नही करने पर 6-6 माह को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।1

**SVM YOGA & HEALTH SCIENCES COLLEGE**
Run by Vidya Bharti Uchcha Shiksha Sansthan (VBUSS)
**Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur (UP)**
**Formerly C.C.S. University, Meerut.**

- Principal :- Ph.D. with 15 years UG academic experience. Retired person below 65 also eligible.
- Asstt. Professors in following Subjects :- Physics, Chemistry, Mathematics, Zoology, Botany, Computer Science, BCA, B.Voc (Yogic Science), B.Com, BA - Economics, History, Physical Education, Psychology & Physical Education & Sports.
- Candidates Eligible as per UGC & M.S. University norms (Ph.D. or NET) may submit their CV within 21 Days Addressed to the College Secretary and e-mail at svmyoga17collegemzn@gmail.com
- Salary & Allowance negotiable.
- EPF & ESIC facility as per Govt. Rules.

4th Km. Stone, Jansath Road, Muzaffarnagar
Mob.: 9412212272, 9997178003
Secretary

## बीमार गौवंश की सुध लेने वाला कोई नहीं

खतौली, 24 नवम्बर (बु.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आवारा गौवंशों की सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश जारी किये गये हैं, परन्तु मुख्यमंत्री के आदेशों की प्रशासन द्वारा खुली अवहेलना किये जाने का क्रम लगातार अभी भी जारी बना हुआ है, जिसका एक मार्मिक दृश्य खतौली नगर की मण्डी स्थल के मुख्य द्वार पर दिखाई पड़ा, जहां एक बीमार गौवंश पड़ा दिखाई दिया। आस-पड़ौस के लोगों का कथन है कि यह गौवंश बीमारी की स्थिति में दो दिनों से यहां पड़ा हुआ है। बीमार गौवंश के पड़े होने का चित्र सोशल मीडिया पर वायरल होने पर मौके पर पहुंचे समाजसेवी कुलदीप व उनके साथियों द्वारा ट्रैक्टर-ट्राली द्वारा बीमार गौवंश को गांव तिंगाई गौशाला भिजवाया गया है।

## मामौर में रेत खनन पर एसडीएम का छापा

**-आवंटित पट्टे से बाहर जाकर सहपत क्षेत्र में खनन करने के लगे थे आरोप**
**-आवंटित क्षेत्र की सीमा पर एक ओर पिलर लगाने के निर्देश दिये**

कैराना, 24 नवंबर (बु.)। मामौर में रेत खनन पट्टा ठेकेदार द्वारा आवंटित क्षेत्र से बाहर जाकर सहपत गांव की सीमा में रेत खनन के आरोप लगे थे, जिसके चलते एसडीएम ने अपनी टीम के साथ मामौर रेत खनन पर छापा मारा। साथ ही धर्मकांटे की पर्ची भी समय पर नही निकलने पर कांटे को ठीक कराने के निर्देश दिए। सहमत के ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई थी कि मामौर रेत खनन ठेकेदार आवंटित क्षेत्र से बाहर जाकर सहपत के पास रेत खनन कर रहा है। डीएम जसजीत कौर के निर्देश पर गुरूवार को एसडीएम शिव प्रकाश यादव ने मामौर रेत खनन पट्टे पर छापा मारा। इस दौरान रेत खनन की आवंटित भूमि की पैमाइश करायी गई। सहपत गांव की साईड में रेत खनन के ममाले में एसडीएम ने आवंटित क्षेत्र की सीमा पर एक और पिलर लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा डंफरो के रेत का वजन करने वाले कांटे ने भी समय पर पर्ची नहीं निकाली, जिस पर एसडीएम ने रेत का वजन करने वाले कांटे को तुरन्त ठीक कराने के निर्देश दिए। एसडीएम ने सीसीटीवी केमरों की भी जांच की साथ ही रजिस्टर आदि भी सही ढंग से व्यवस्थित करने को कहा गया। एसडीएम शिव प्रकाश यादव ने बताया कि मामौर रेत खनन पट्टे पर अवंटित क्षेत्र से बाहर सहपत में रेत खनन की शिकायत पर छापा मारा गया था। सहपत की साइड में एक पिलर लगाने को कहा गया है ताकि रेत खनन आवंटित क्षेत्र से बाहर नही होने पायें। कांटे की व्यवस्था भी ठीक करने को कही गई है।

# "75वें अमृत महोत्सव की थीम पर शारदेन में रंगारंग कार्यक्रमों की छटा"

## कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, सोमांश प्रकाश एवं अधिवक्ता तेग बहादुर आदि रहे मौजूद

**मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बुस.)।** शारदेन स्कूल के प्रांगण में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव मनाया गया। 75 वां अमृत महोत्सव जन-जन का अमृत महोत्सव है, जिन्होंने क्रमिक विकास के माध्यम से भारत की प्रगति में मदद की। इस थीम के द्वारा जांबाज सैन्य वीर, स्वतंत्रता सेनानियों को याद करके सच्ची श्रद्धांजलि के साथ नमन किया तथा जिनके कभी किसी ने गीत नहीं गाए और महत्वपूर्ण कार्य किए, उनको भी याद किया गया। 75 वर्षों की भारत की उपलब्धियों और गौरवशाली इतिहास को शारदेन स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मंच पर प्रदर्शित करके अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल (राज्य मंत्री) के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सोमांश प्रकाश, बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, डॉक्टर दीपक गोयल, एडवोकेट तेग बहादुर, आराधना वर्मा, भूषण कुमार आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। यूकेजी, एलकेजी के बच्चों ने क्लाउन डांस, 9सी के बच्चों ने योग और 10सी के बच्चो द्वारा 'पंच तत्व नृत्य प्रस्तुत किया। 11सी के बच्चों ने देश भक्ति के प्रोग्राम में वह किस प्रकार आज भी मतवाले हो जाते हैं।' दिव्य चरित्र भगत सिंह' पर पंजाबी नृत्य द्वारा दर्शकों में नई ऊर्जा भर दी। कार्यक्रम का आकर्षण थीम 75 वाँ अमृत महोत्सव जिसमें वंदे मातरम, महिला सशक्तिकरण, चीता यात्रा,





अन्सौंग हीरो, चेंज इन सिनेमा, आर्म्ड फोर्स, हर घर तिरंगा आदि नृत्यों ने धूम मचा दी। अभिभावकों, माता-पिता तथा अतिथियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साहवर्धन किया। चतुर्थ और 10ब के छात्र-छात्राओं ने हनुमान चालीसा जोश से भरपूर होकर प्रांगण को भक्तिमय बना दिया। विद्यार्थियों की वस्त्र सज्जा और रंगों का चुनाव आकर्षक था। प्रांगण एवं मंच की शोभा अति सुंदर भव्य रूप में की गई थी, जिसमें बच्चों के स्वनिर्मित कला एवं वस्तुओं का संग्रह अद्भुत था। शारदेन स्कूल का स्टाफ अभिभावकों की उच्च स्तरीय सोच-समझ एवं रुझान और भव्यता को प्रदर्शित करता है। प्रधानाचार्य धारा रतन ने अभिभावकों व अतिथियों का स्वागत किया तथा विद्यालय की वार्षिक प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय श्री रतन लाल गुप्ता एवं श्रीमती शारदा देवी ट्रस्ट की ओर से प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा15,000 रुपये की धनराशि पुरस्कार रूप में प्रदान की गयी। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ उनके माता-पिता को भी मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि शारदेन न स्कूल के बच्चे बहुत मेहनती हैं। बहुत परिश्रमी हैं और यह पढ़ाई के साथ-साथ सभी गतिविधियों में लिप्त रहते हैं। चाहे वह साईंस के हों या किसी अन्य सभी में वह हमेशा आगे चलते हैं, मुझे इस बात का बहुत गर्व हैं। बच्चे हर क्षेत्र में आगे निकल रहे हैं। मुझे इस बात की बहुत खुशी है बच्चों ने बहुत मेहनत की है और इनकी गतिविधि सबसे ज्यादा है। मंत्री जी ने कहा कि बच्चों आपको न्यूजपेपर अवश्य पढ़ना चाहिए और संपादकीय को जरूर पढ़ना चाहिए, क्योंकि उसमें करंट समाचार होते हैं। बच्चों अपना ज्ञानवर्धन करना चाहिए। स्कूल प्रबंधक विश्व रतन जी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हमें ग्लोबल एक्सपोजर चाहिए। इसके लिए एजुकेशन को चारदीवारी से बाहर निकलना पड़ेगा। हमें हर जगह एडजस्ट होने वाले कभी ना हार मानने वाले लक्ष्य को केंद्रित करने वाले ऐसे बच्चे हो, ऐसा मेरा प्रयास है। यह मेरी कल्पना है। कार्यक्रम का संचालन अनुष्का जैन, वंश दीप, ओजल सिंगल, कृष्णा अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संपूर्ण स्टाफ का सहयोग रहा।










## पैरोल खत्म, डेरा प्रमुख बाबा गुरमीत राम-रहीम को जेल

**बागपत, 24 नवंबर (वार्ता)।** बागपत के बिनौली स्थित डेरा सच्चा सौदा आश्रम में डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम के 40 दिनों के पैरोल का समय पूरा हो गया है। डेरा प्रमुख शुक्रवार को रोहतक की सुनारिया जेल में वापस जाएगा। डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम 15 अक्तूबर को बरनावा के डेरा सच्चा सौदा आश्रम में पैरोल पर आया था। इस दौरान उसकी मुहबोली बेटी हनीप्रीत व परिवार के अन्य सदस्य भी साथ आये थे। राम रहीम ने डेरे में रहकर दीपावली पर्व व डेरे के संस्थापक का जन्मोत्सव भी मनाया, हर रोज यूट्यूब अकाउंट पर ऑनलाइन होकर शाही अंदाज में मोर पंखी लेकर गुरुकुल कर साध संगत को मानवता भलाई के कार्य करने, नशा छुड़वाने व गुरुमंत्र दिए।

## सहारनपुर में आयकर विभाग का पांच व्यापारियों के यहां छापा

**सहारनपुर, 24 नवंबर (वार्ता)।** आयकर विभाग की टीम ने देहरादून, ऋषिकेश ,दिल्ली व सहारनपुर के प्रॉपर्टी डीलर के तीन दर्जन से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की है। मिली जानकारी के मुताबिक देहरादून के प्रॉपर्टी डीलर मंजीत जौहर, राज लुम्बा, मेहता ब्रदर्स, नट्स भाटिया,नवीन कुमार मित्तल व भू माफिया मितिन गुप्ता के ठिकानों व घरों पर रेड जारी है। वहीं सहारनपुर में टीम ने पांच व्यापारियों के यहां छापा मारा है। 10 गाड़ियों में पहुंची आयकर विभाग की टीम अभी मौके पर ही मौजूद है। आयकर विभाग गाजियाबाद की टीम ने महानगर में तीन शहद व्यापारियों और एक सराफा कारोबारी सहित पांच जगहों पर छापा मारा है। आयकर विभाग की कार्रवाई से हड़कंप मचा है। बताया जा रहा है करोड़ों रुपये के घपले का मामला है। आयकर विभाग की टीम करीब 10 से अधिक गाड़ियां सुबह पांच बजे सहारनपुर पहुंची, जिन्होंने अलग-अलग स्थानों पर छापा मारा है। आयकर विभाग की छापे की कार्रवाई से महानगर के कारोबारियों में अफरातफरी मची है।

## प्रधान जी ने बंजर जमीन पर ठोंक लिया आशियाना, महिला प्रधान पर परिजनों सहित मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बु.)।** प्रधान जी ने गांव में पड़ी बंजर जमीन पर आशियाना बना लिया। अब मामला खुलने के बाद रोहाना खुर्द की प्रधान व उसके परिजनों के विरुद्ध ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। शहर कोतवाली पर दर्ज करायी गयी रिपोर्ट में लेखपाल सैकेट्री भूमि प्रबधंक समिति रोहानाखुर्द धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि रोहाना खुर्द की ग्राम प्रधान सुषमा सैनी उनके पति सुरेंद्र कुमार, देवर नरेंद्र कुमार ने ग्राम समाज की भूमि डाटा संख्या 548 जो बंजर भूमि में दर्ज है। जिस पर अवैध कब्जा कर मकान व अन्य निर्माण कार्य करा लिये गये हैं। जांच में अवैध कब्जा पाया गया है। ग्राम प्रधान का कर्तव्य ग्राम समाज की भूमि की रक्षा करना है। ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा कराने में सहयोग करने पर प्रधान के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करने की मांग लेखपाल ने की, जिस पर पुलिस ने सार्वजनिक सम्पत्ति निवारण अधिनियम 1984 की धारा 2 व 3 व 447 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## मुसलमानों द्वारा जन्मदिन मनाना खुराफात : मुफ्ती असद बोले

**देवबंद, 24 नवंबर (बु.)।** एक उलमा मुसलमानों के जन्मदिन मनाने को खुराफात करार दिया है। शरीयत का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि कुरआन और हदीस में इसको लेकर कोई जिक्र नहीं किया गया है। इतना ही नहीं अल्लाह के रसूल ने भी कभी जन्मदिन नहीं मनाया। यह ईसाइयों की परंपरा है, इसे अपनाने से बचना चाहिए। मदरसा जामिया शेखुल हिंद के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती असद कासमी ने जन्मदिन मनाने को लेकर कहा कि यह एक खुराफात है, क्योंकि कुरआन, इस्लाम, शरीयत और हदीस में जन्मदिन मनाए जाने को लेकर कोई जिक्र नहीं है। जन्मदिन मनाने की परंपरा ईसाइयों की है और मुसलमान उनकी नकल कर रहे हैं। मुसलमानों को इससे बचना चाहिए और शरीयत के बताए रास्ते पर चलना चाहिए। मुफ्ती असद ने कहा कि जन्मदिन पर यह सोचना चाहिए कि उम्र से एक साल कम हो गया। इसमें हमने क्या अच्छा किया और क्या बुरा किया।

# विक्रम सैनी के प्रचार पर रोक लगाने की मांग

- रालोद जिलाध्यक्ष ने डीएम को पत्र लिखकर चुनाव में शांतिभंग की जताई आशंका
- कोर्ट से सजा के कारण विक्रम सैनी का मताधिकार भी समाप्त करने की मांग दोहराई

**मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बु.)।** सजा के मामले में उच्च न्यायालय से राहत न मिलने के बाद विपक्ष पूर्व विधायक विक्रम सैनी के खिलाफ एक बार फिर हमलावर हो गया है। रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक ने डीएम को पत्र लिखकर उनके चुनाव प्रचार पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने आशंका जताई कि चुनाव के दौरान विक्रम सैनी शांति भंग करा सकते हैं। इसके साथ ही रालोद जिलाध्यक्ष ने सजायाफ्ता होने के कारण उनका मताधिकार भी समाप्त करने की मांग उठाई है। राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष संदीप मलिक ने गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी चन्द्रभूषण के नाम दिए पत्र में भाजपा के खतौली से पूर्व विधायक विक्रम सैनी को एक सजायाफ्ता मुल्जिम बताते हुए उनका नाम वोटर लिस्ट से हटाने और खतौली में हो रहे उपचुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी राजकुमारी सैनी के लिए चुनाव प्रचार करने पर रोक लगाने की मांग की है। रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक ने अपने पत्र में आरोप लगाते हुए कहा कि खतौली विधानसभा सीट के पूर्व विधायक विक्रम सैनी मुजफ्फरनगर दंगों के कवाल कांड के एक मामले में कोर्ट से सजायाफ्ता व्यक्ति है, जिस कारण उनकी सदस्यता समाप्त कर अब इस सीट पर उपचुनाव कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले की एमपी-एमएलए कोर्ट से सुनाई गई सजा के प्रकरण में उच्च न्यायालय से भी उनको कोई राहत नहीं मिली है। उनके विरुद्ध आदेश आ गया है, उनकी सजा बरकरार रखी गई है। रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक ने पत्र में जिला निर्वाचन अधिकारी से मांग करते हुए कहा कि कानूनी रूप से उनका मताधिकार समाप्त किया जाना अनिवार्य है। चूँकि वह पहले भी मुजफ्फरनगर का साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ चुके हैं और अब पुनः इसी मंशा के साथ काम कर रहे हैं। उनकी पत्नी राजकुमारी सैनी खतौली उपचुनाव में भाजपा की प्रत्याशी हैं। आरोप लगाया कि वह अपनी पत्नी को चुनाव जिताने के लिए किसी भी सीमा तक जाकर कानून का उल्लंघन कर सकते हैं और खतौली विधानसभा में हो रहे शान्ति पूर्ण चुनाव की फिजां बिगाड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि कानूनी रूप से विक्रम सैनी का नाम मतदाता सूची से हटा कर अविलम्ब मताधिकार समाप्त कर उनको चुनाव क्षेत्र से बाहर करने की कृपा करें अथवा उनके चुनाव प्रचार करने पर रोक लगाई जाए।

# नाहिद की सेवा के लिए चित्रकूट जेल भेजे दो चेले

**चित्रकूट, 24 नवम्बर (नेट)** जिस जिला कारागार में कैराना के सपा विधायक नाहिद हसन बंद हैं, वहां मुजफ्फरनगर और शामली के रहने वाले दो लोगों मोहम्मद शेरू और मोहम्मद वासिल के गोकशी और अवैध तमंचा रखने के मामले में जेल जाने के बाद कारागार प्रशासन में हड़कंप मच गया। संदेह है कि पुलिस ने दोनों को विधायक की सेवा के लिए फर्जी मामलों में जेल भेजा। इन दोनों की संदिग्ध गतिविधियों को देख जेल प्रशासन की शिकायत पर जिला प्रशासन ने प्रकरण की जांच की। इसके बाद पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने मामले का संज्ञान लेते हुए दोनों आरोपितों को चित्रकूट जिला कारागार से एक को कौशांबी और दूसरे को नैनी सेंट्रल जेल भेज दिया है। उन्हें जेल भेजने वाले थानेदार को निलंबित कर दिया गया है।



बुंदेलखंड की सबसे हाईटेक चित्रकूट जिला कारागार रगौली में बंद कैराना से सपा विधायक नाहिद हसन पर जिले के बहिलपुरवा थानाध्यक्ष ने काफी मेहरबानी दिखाई। सपा विधायक नाहिद हसन की खातिरदारी के लिए पुलिस ने उनके दो गुर्गों को बीते अक्टूबर माह में गौकशी और अवैध तमंचा रखने के फर्जी आरोप में जेल भेज दिया। आशंका होने पर जेल प्रशासन ने दोनों गुर्गों को दूसरी जेल में शिफ्ट कर दिया। इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने सांठगांठ करने वाले आरोपित थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया है। ज्ञात हो कि बीते 14 मई 2021 को हुए शातिर अपराधी मुकीम काला, अंशुल दीक्षित और मेराजुद्दीन ट्रिपल हत्याकांड की घटना से चित्रकूट का जिला कारागार रगौली पूरे प्रदेश की सुर्खियों में था। जिसके बाद इस जेल की सुरक्षा व्यवस्था चौकस कर दी गई थी। पूर्वांचल के माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी और सपा से कैराना विधायक नाहिद हसन को योगी सरकार ने चित्रकूट की इसी हाईटेक जेल में रखा हुआ है।

## हाइवे पर हुआ हादसा, अधिवक्ता सहित दो घायल

**मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बु.)।** हाइवे पर बने गड्ढे के कारण एक अधिवक्ता की स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसके चलते अधिवक्ता व उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिवक्ता ने हाइवे पर टोल वसूलने वाली कम्पनी के विरुद्ध पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। मंसूरपुर थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में सरकुलर रोड निवासी अधिवक्ता ज्ञान कुमार ने बताया कि वह अपने साथी नरा निवासी कृष्णपाल के साथ अपनी स्कूटी पर सवार होकर जा रहे थे। अधिवक्ता ने बताया कि हाइवे पर घांसीपुरा में बने गड्ढे में भरे पानी के कारण उनकी स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे वह तथा उसका साथी कृष्णपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिवक्ता ने बताया कि हाइवे पर बने गड्ढों को भरने का दायित्व टोल वसूलने वाली वेस्टर्न यूपी टोल वे प्राइवेट लिमिटेड़ का है। अधिवक्ता ने दुर्घटना का जिम्मेदार टोल वसूलने वाली कम्पनी को ठहराते हुए कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने अधिवक्ता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# भाजपा जिला मंत्री सुनील दर्शन रिहा

**20 साल पुराने मुकदमे में दो दिन की न्यायिक हिरासत में कोर्ट ने भेजा था जेल**

**मुजफ्फरनगर, 24 नवम्बर (बु.)।** 20 साल पहले श्रीराम शोभायात्रा में हुए उपद्रव के मामले में दो दिन न्यायिक हिरासत में जेल रहे भाजपा जिला मंत्री सुनील दर्शन आज कोर्ट से जमानत मंजूर होने के बाद रिहा हो गए। बाहर निकलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया।

साल 2002 में श्रीराम शोभायात्रा निकाले जाने के दौरान बकरा मार्किट में दो पक्षों के बीच संघर्ष हो गया था, जिसमें कई लोग घायल हुए थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान किया था। इस मामले में भाजपा जिला मंत्री सुनील दर्शन भी आरोपी हैं। कोर्ट में पेश न होने के कारण उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हो गए थे। मंगलवार को वह कोर्ट में पेश हुए थे। कोर्ट ने उन्हें दो दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। गुरुवार को उनकी जमानत पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने उनकी जमानत मंजूर करते हुए उन्हें रिहा करने के आदेश जारी कर दिए। देर शाम जेल से उनकी रिहाई भी हो गई। जेल के बाहर जमा भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। बाद में उन्हें एक काफिले के रूप में घर तक पहुंचाया गया। इस दौरान सभासद अमित बॉबी, प्रशांत चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष रोहित जैन, मंडल मंत्री संजय मित्तल, सुनील तायल, सुषमा पुंडीर, रेणू गर्ग आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



## जामा मस्जिद में लड़कियों के प्रवेश पर पाबंदी हटी

**नई दिल्ली, 24 नवंबर (वार्ता)।** जामा मस्जिद के शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी मस्जिद की पवित्रता बनाए रखने की शर्त के साथ यहां अकेली लड़की और लड़कियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने वाले आदेश को रद्द करने के लिए राजी हो गए हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार को कहा, नमाज अदा करने आने वाले किसी भी व्यक्ति पर यह आदेश लागू नहीं होगा। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इस बारे में बात कर शाही इमाम से आदेश वापस लेने का अनुरोध किया था। दिल्ली की जामा मस्जिद के मुख्य द्वार पर लड़कियों के मस्जिद में प्रवेश पर प्रतिबंध को लेकर नोटिस चस्पा किए गए थे। इस फैसले पर राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी थी और महिला अधिकार संगठनों से जुड़े कार्यकताओं ने तीखी आलोचना की थी। मस्जिद प्रशासन की ओर से जारी नोटिस में लिखा था कि जामा मस्जिद में किसी भी लड़की का अकेले या समूह में प्रवेश वर्जित है। शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी के अनुसार, परिसर में घटित हुई कुछ घटनाओं की सूचना प्राप्त होने के बाद यह निर्णय लिया गया है।

## दलित युवक की गिरफ्तारी को लेकर भाकियू भानु ने थाने पर काटा हंगामा

**भोपा, 24 नवम्बर (बु.)।** दलित युवक को थाने में ला बैठाने के उपरान्त पुलिस की भाषाशैली को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानु के कार्यकर्ताओं ने रोष प्रकट करते हुए हंगामा किया तथा थाने पर धरना देने का प्रयास भी किया। पुलिस ने युवक को छोड़कर मामले का पटाक्षेप कर दिया। ककरौली थाने पर पहुंचे भाकियू भानु के युवा जिलाध्यक्ष साजिद अंसारी ने बताया कि बुधवार की शाम गांव टंढेड़ा के दलित युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया था, जिसके सम्बंध में वह थाने पहुंचे थे। पुलिस द्वारा उनके साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया था, जिसको लेकर कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त हो गया था। कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचकर हंगामा काटा व दरी बिछाकर धरना देने का प्रयास किया। पुलिस ने हिरासत में लिए युवक को छोड़कर मामले का पटाक्षेप किया। थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना ककरौली क्षेत्र के गांव टंढेडा से अनुसूचित जाति की महिला को गांव का ही युवक बहला फुसलाकर ले गया था। पीडित ने थाने पर तहरीर देकर पत्नी की बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है।

### बाइक सवार व्यक्ति घायल

**कैराना 24 नवंबर (बु.)।** बाइक के सामने कुत्ता आने के कारण व्यक्ति घायल हो गया। मौहल्ला आलखुर्द निवासी नफीस (45) बाईक द्वारा किसी कार्य से घर से बाईपास की ओर चला था। इसी दौरान अचानक बाईक के सामने कुत्ता आ गया, जिस कारण वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। घायल को सीएचसी में ले जाया गया, जहां उपचार के बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया गया।

## ट्रैक्टर ट्रॉली से गन्ना डालने जा रहे किसान को मारपीट कर किया घायल

**भोपा, 24 नवम्बर (बु.)।** चीनी मिल में गन्ना डालने जा रहे किसान को आरोपियों ने मारपीट दबंगों से मारपीट कर घायल कर दिया। घायल की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पीड़ित की जान बचाई। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की लगाई गुहार है। थाना भोपा क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर निवासी नछत्तर सिंह ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि बुधवार की रात्रि करीब लगभग दस बजे वह अपनी ट्रैक्टर ट्रॉली से मोरना चीनी मिल में गन्ना डालने के लिए जा रहा था कि रास्ते में शुकतीर्थ निवासी कुछ दबंग रास्ते में लाठी-डंडे लेकर खड़े थे, जिस पर पीड़ित को दबंगों ने ट्रैक्टर सहित रास्ते में रोक लिया तथा पीड़ित के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी, जिसमें पीड़ित को लाठी-डंडे लगने से काफी गुम चोट आई हैं। पीड़ित को आरोपी गाली गलौंच करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे तभी शोर-शराबा सुन आसपास के लोग इकट्ठा हो गए, वहीं लोगों को इकट्ठा देख दबंग मौके से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने आरोपियों से अपनी जान को खतरा बताते हुए थाने पर जाकर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# ग्राम प्रधान पर शोषण का आरोप लगा, खेड़ी के दलित परिवारों ने दी पलायन की चेतावनी

- दलितों ने ग्राम प्रधान पर अपने पूर्वजों की जमीन में जबरन जेसीबी चलवाने का आरोप लगाया
- ग्राम प्रधान ने पानी की टँकी का प्रस्ताव पास कर दलितों के कब्जे वाली जमीन को सरकारी बताते हुए जेसीबी चलवाई
- जमीन खाली कराने के विरोध में दलितों ने जमकर हंगामा किया

**मीरापुर, 24 नवम्बर (बु.)।** गांव खेड़ी में पानी की टंकी के निर्माण के लिए दलितों के कब्जे वाले 12 बीघा जमीन को खाली कराने के लिए ग्राम प्रधान द्वारा जबरन जेसीबी चलवाने के विरोध में दलितों का गुस्सा फूट पड़ा। दलितों ने ग्राम प्रधान पर जबरन शोषण करने दबंगता करने व महिलाओं के साथ अभद्रता कर जातिसूचक शब्द कहने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। जमीन में जेसीबी मशीन चलने से नाराज गांव के सभी दलित परिवारों ने पलायन करने की चेतावनी दी है। दलित परिवारों के गांव से पलायन करने की चेतावनी देने से गांव में हड़कम्प मच गया। इंस्पेक्टर भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुँच गए और दलितों को समझाने में जुट गए।

गांव खेड़ी में दलित बस्ती के समीप पड़ी करीब 12 बीघा भूमि है, जिस पर दशकों से दलित समाज का कब्जा है और दलितों ने इस भूमि पर अपने बिटौड़े व दर्जनों लिप्टिस व शीशम के पेड़ लगाए हुए हैं, वही दूसरी तरफ ग्राम प्रधान तस्लीम अहमद उक्त भूमि को ग्राम पंचायत की भूमि बताते हैं, जिसके चलते कुछ दिन पूर्व ग्राम प्रधान तस्लीम ने उक्त भूमि में पानी की टंकी का निर्माण कराने का प्रस्ताव पास कर शासन को भेजकर स्वीकृति ले ली। दलितों का आरोप है कि ग्राम प्रधान तस्लीम जबरन दबंगता के बल पर उनकी पुरखों की जमीन को सरकारी बताकर उन्हें बेसहारा बनाने की कोशिश कर रहा है। दलितों का आरोप है कि बुधवार की देररात्रि ग्राम प्रधान कुछ दबंगों के साथ जेसीबी मशीन लेकर आया और उक्त भूमि में जबरन जेसीबी मशीन चलाकर उनके बिटौड़े व पेड़ नष्ट कर दिए। सवेरा होने पर जब दलितों को इसकी जानकारी लगी, तो उनमें रोष फैल गया। दलितों ने ग्राम प्रधान से मिलकर इसका विरोध जताया, किन्तु आरोप है कि ग्राम प्रधान ने उनकी एक बात नहीं सुनी और गुरूवार को पुनः जेसीबी मशीन लेकर जमीन खाली कराने पहुँच गया और विवादित भूमि में जेसीबी चलवानी शुरू कर दी, जिससे दलितों में आक्रोश भड़क गया और सैंकड़ों की संख्या में दलित महिलाएं, पुरुष व बच्चे मौके पर पहुँच गए और जेसीबी चलने का विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान दलितों व ग्राम प्रधान के बीच झड़प शुरू हो गई। दलितों ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान ने उनकी महिलाओं से अभद्रता करते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग भी किया। इस बात से नाराज दलित परिवारों ने ग्राम प्रधान पर शोषण का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी जमीन को खाली कराया गया, तो गांव के सभी दलित परिवार गांव से पलायन करेंगे। वहीं दलित परिवारों के गांव से पलायन करने की सूचना से प्रशासन में हड़कम्प मच गया और मीरापुर इंस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुँच गए और दलित परिवारों से वार्ता कर उन्हें समझाने का प्रयास किया, किन्तु दलित मानने को तैयार नहीं हुए। इंस्पेक्टर ने जेसीबी मशीन को बंद कराकर तथा उच्चाधिकारियों के मौके पर आकर जमीनी विवाद का निस्तारण कराने की बात कहकर मामला शांत कराया। पलायन की चेतावनी देने वालों में मुख्य रूप से प्रदीप जाटव, कश्मीरा, फूल सिंह पूर्व प्रधान धर्मेंद्र सिंह,ओमपाल डॉ. सतीश, जगदीश, कालू , मंगते कौशल, मुन्नी, सुनहरी,रेशमा, संगीता, रीना, बिंदु,रेखा, सोकेंद्री, सविता आदि शामिल रहे।....मामले पर इंस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह का कहना है कि जेसीबी मशीन को बंद करा दिया गया है। दलितों को समझा दिया गया है कि शुक्रवार को तहसील से उच्चाधिकारी आएंगे तथा भूमि की पैमाइश कराकर उसके बाद जो भी निर्णय लेंगे, तभी आगे की होगी।



मीरापुर के खेड़ी में गांव से पलायन की चेतावनी देने वाले दलित समाज के लोगों को समझाती पुलिस।

## सेंचुरी क्षेत्र में वन कर्मचारियों ने शिकारियों को दौड़ाया



शुकतीर्थ क्षेत्र में छापेमारी कर लौटती वन विभाग की टीम

**भोपा, 24 नवम्बर (बु.)।** हस्तिनापुर सेंचुरी क्षेत्र के गंगा नदी में जलीय जन्तुओं का शिकार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए वन विभाग की टीम ने छापामारी कर शिकार के उपकरणों को बरामद किया व शिकारियों को दौड़ाया। शुकतीर्थ क्षेत्र के बिहारगढ़, धारीवाला आदि क्षेत्र में मछली के शिकार होने की सूचना पर वन विभाग के दरोगा नन्द किशोर,अमित कुमार, प्रमोद, दीपक, शीषपाल, राजकुमार आदि की टीम ने गुरूवार को छापेमारी अभियान चलाते हुए। मोटरबोट की सहायता से मछली का शिकार कर रहे शिकारियों को दौड़ा लिया। शिकारी घने जंगल मे फरार हो गये। वन विभाग की टीम ने मौके से लकड़ी की दो नाव, शिकार करने वाला जाल, ड्रम आदि को बरामद किया व जीवित मछलियों को मुक्त कर गंगा में छोड़ दिया। क्षेत्राधिकारी सिंहराज सिंह पुण्डीर ने बताया कि सेंचुरी क्षेत्र में किसी भी प्रकार के जन्तु के शिकार को पूर्णतः रोकने के लिये वन विभाग की टीम लगातार सक्रिय है। मछली का शिकार होने की सूचना पर छापामारी अभियान चला कर कार्रवाई की गयी है।